मुलतानीमल मोदी कॉलेज

मोदीनगर–201204(उ0प्र0)

(सम्बद्ध–चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ)

(राष्ट्रीय मूल्यांकन एव प्रत्यायन परिषद् के द्वारा मूल्यांकित)

दूरभाषसंख्या : 01232-243492
फैक्ससंख्या : 01232-223620

वेबसाइट: www.mmcmodinagar.ac.in
ई-मेल : info@mmcmodinagar.ac.in

To Whom it May Concern

This is to certify that the college abides laws/rules/regulations, policies and guidelines concerned with sexual harassment, anti-ragging, student welfare and implements them. The College also gives wider awareness through display on campus and website by undertakings on policies with zero tolerance. The college has adopted the mechanism for submission of grievances online through the college email (info@mmcmodinagar.ac.in) or offline by directly presenting application in principal or proctor office. The complaints are transferred accordingly to respective committees. To redress the grievances timely.

(Dr. Prad[illegible]mar Garg)
Principal
Multanimal Modi College
Modinagar (G.Z.B.)

Multanimal Modi College, Modinagar

Enclosure:

1. Complain application of students.
2. Minutes of the meetings of student Redressal Committee, prevention of sexual harassment Committee and Anti-Ragging Committee.
3. Awareness Programmes (Women Cell/NSS).
4. Geotagged Photos of Bills of Anti-Ragging and Prevention of Sexual Harassment.

5th Dec 2017

स्थानीय प्रशासन द्वारा दिसम्बर के प्रथम सप्ताह में 'महिला सुरक्षा सप्ताह' मनाया गया। इस अवसर पर दिनांक 6.12.17 को महाविद्यालय के Auditorium में एक गोष्ठी का आयोजन हुआ। गोष्ठी में मोदीनगर की विधायिका डा० मंजू शिवाच, एस० डी० एम०, सी० ओ०, एस० एच० ओ० सभी ने अपने विचार व्यक्त किये। डा० मंजू शिवाच ने स्थानीय पुलिस से कहा कि वो स्कूलों की छुट्टी के समय दोपहर में गश्त लगाया करें ताकि कोई भी छात्रा अपने को असुरक्षित महसूस न करे। तथा उपद्रवी छात्रों पर लगाम लगायी जा सके। एस० डी० एम० साहब ने 1090 के अलावा एक नया helpline no. 9454401090 भी छात्राओं को बताया। सभी अतिथियों ने छात्राओं से कहा कि इन helpline no के अलावा वो उनके व्यक्तिगत नम्बर पर भी किसी भी समस्या के समय call कर सकती हैं। स्थानीय NGO 'सहारा' की सदस्यों ने भी अपने विचार व सुझाव दिये। महिला प्रकोष्ठ की निम्नलिखित सदस्य गोष्ठी में उपस्थित थीं :-

(1) डा० सीमा राज
(2) श्रीमती नीतू
(3) श्रीमती सीमा शर्मा
(4) श्रीमती गीतांजली शर्मा

Principal
Multanimal Modi College
Modinagar (GZB)

मुलतानीमल मोदी महाविद्यालय

मोदीनगर–201204(उ0प्र0)

(सम्बद्ध चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ)

(राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद के द्वारा मूल्यांकित)

दूरभाष संख्या : 01232-243432
फैक्स संख्या : 01232-222632

वेबसाइट : www.mmcmodinagar.ac.in
ई-मेल : info@mmcmodinagar.ac.in

पत्रांक .... दिनांक : 22–12–2017

सूचना

महाविद्यालय की समस्त छात्राओं को सूचित किया जाता है कि महिला प्रकोष्ठ (2017–2018) के तत्वाधान में महाविद्यालय में रंगोली तथा महंदी प्रतियोगिता का आयोजन होगा। अतः समस्त इच्छुक छात्रायें दिनांक 13–01–2018 तक अपने नाम निम्नलिखित शिक्षकों को दें।

1. डॉ0 सीमा राज (सांख्यिकी विभाग)
2. डॉ0 वसुधा शर्मा (वनस्पति विभाग)
3. डॉ0 सुनीता सिरोही (इतिहास विभाग)
4. डॉ0 गीतांजली (लाईब्रेरी साइंस विभाग)

उपरोक्त कार्यक्रम के नियम निम्नलिखित है –

1. रंगोली में एकल रूप अथवा ग्रुप के साथ प्रतिभाग कर सकते है किन्तु ग्रुप में चार से अधिक संख्या में प्रतिभागी नहीं होंगें। रंगोली की समयावधि 1 घंटा होगी।
2. मेहंदी में एकल रूप से ही भाग लिया जा सकता है। इसकी समयाविधि 30 मिनट की होगी।

आज्ञा से
(डॉ0 सीमा राज)
[illegible]

मुलतानीमल मोदी महाविद्यालय

मोदीनगर–201204(उ0प्र0)

(सम्बद्ध चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ)

(राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् के द्वारा मूल्यांकित)

दूरभाष संख्या : 01232–243483
फैक्स संख्या : 01232–223620

वेबसाइट : www.mmcmodinagar.co.in
ई–मेल : info@mmcmodinagar.co.in

पत्रांक : .....

दिनांक : 22.12.2017

सूचना

महाविद्यालय के समस्त छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि महिला प्रकोष्ठ (2017–2018) के तत्वाधान में महाविद्यालय में एक पोस्टर प्रतियोगिता एवं लघु विचार गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। पोस्टर प्रतियोगिता एवं विचार गोष्ठी का शीर्षक है – "नारी सशक्तिकरण के विभिन्न आयाम" सभी इच्छुक विद्यार्थी दिनांक 13–01–2018 तक निम्नलिखित शिक्षकों को अपने नाम दें:

1. डॉ0 सीमा राज (समन्वयक, महिला प्रकोष्ठ, सांख्यिकी विभाग)
2. डॉ0 बसुधा शर्मा (वनस्पति विभाग)
3. डॉ0 सुनीता सिरोही (इतिहास विभाग)
4. डॉ0 गीतांजली (लाइब्रेरी साइंस विभाग)

आज्ञा से
(डॉ0 सीमा राज)
समन्वयक महिला प्रकोष्ठ

पोस्टर प्रतियोगिता

Name	Class	Sub	Ph no
1) Vaishali	M.Sc III Sem	Maths	9012640742
2) Saurav Kr	B A II	Pol Sc, Hindi, Hist	8755525184
3) Ranjana	B Sc. II	Bio	8439403042
4) Soni	B.A II		
5)			

गोष्ठी

Name	Class	Subject	Ph no
1) Khushali	M Sc. III Sem	Maths	9012640742
2) Divyanshi	B Sc I (Bio)		
3) Abhinav Akash	B Sc 2 (Bio)		
4) Nisant Punia	M Sc 2		
5) Rohan Sharma	B.Sc III (Bio)		
6) ~~Gaurav~~ Varun Jindal	B. Com III		
7) Kajal Gupta	B Sc. III		

मेंहदी प्रतियोगिता

Name	Class	Sub	Ph. no
1) Vaishali	MSc IV Sem	Maths	9012640742
2) Anjiya	B.Sc I (Bio)		
3) Shivani	B.Sc I (Bio)		
4) Poonam	B.Sc III (Bio)		7500572279
5) Ranjana	B.Sc II (Bio)		8439903042
6) Madhavi	MSc IV Sem	Stats	
7) Pallavi	B.A 2		7253908126
8) Ritu	'C' level		

रंगोली प्रतियोगिता

1) Soni, Samreen, Saima, Anchal, Yogeshwari
2) Ashutosh, Aditya, Mohit, Saurav
3) Anshul, Pooja, Bhawana, Jyoti, Chanchal
4)

5th Dec 2017

स्थानीय प्रशासन द्वारा दिसम्बर के प्रथम सप्ताह में 'महिला सुरक्षा सप्ताह' मनाया गया। इस अवसर पर दिनांक 6.12.17 को महाविद्यालय के Auditorium में एक गोष्ठी का आयोजन हुआ। गोष्ठी में मोदीनगर की विधायिका डा० मंजू शिवाच, एस० डी० एम०, सी० ओ०, एस० एच० ओ० सभी ने अपने विचार व्यक्त किये। डा० मंजू शिवाच ने स्थानीय पुलिस से कहा कि वो स्कूलों की छुट्टी के समय दोपहर में गश्त लगाया करें ताकि कोई भी छात्रा अपने को असुरक्षित महसूस न करे। तथा उपद्रवी छात्रों पर लगाम लगायी जा सके। एस० डी० एम० साहब ने 1090 के अलावा एक नया helpline no. 9454401090 भी छात्राओं को बताया। सभी अतिथियों ने छात्राओं से कहा कि इन helpline no के अलावा वो उनके व्यक्तिगत नम्बर पर भी किसी भी समस्या के समय call कर सकती हैं। स्थानीय NGO 'सहयोग' की सदस्यों ने भी अपने विचार व सुझाव दिये। महिला प्रकोष्ठ की निम्नलिखित सदस्य गोष्ठी में उपस्थित थीं :-

(1) डा० सीमा राज
(2) श्रीमती नीतू
(3) श्रीमती सीमा शर्मा
(4) श्रीमती गीतांजली शर्मा

Principal
Multanimal Modi College
Modinagar (GZB)

मुलतानीमल मोदी महाविद्यालय

मोदीनगर–201204 (उ०प्र०)

(सम्बद्ध चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ)
(राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् के द्वारा मूल्यांकित)

दूरभाष कार्यालय : 01232-243432
फैक्स संख्या : 01232-[illegible]

वेबसाइट : www.mmcmodinagar.ac.in
ई-मेल : info@mmcmodinagar.ac.in

[illegible] .... दिनांक : 22–12–2017

सूचना

महाविद्यालय की समस्त छात्राओं को सूचित किया जाता है कि महिला प्रकोष्ठ (2017–2018) के तत्वाधान में महाविद्यालय में रंगोली तथा महंदी प्रतियोगिता का आयोजन होगा। अतः समस्त इच्छुक छात्रायें दिनांक 13–01–2018 तक अपने नाम निम्नलिखित शिक्षकों को दें।

1. डॉ० सीमा राज (सांख्यिकी विभाग)
2. डॉ० वसुधा शर्मा (वनस्पति विभाग)
3. डॉ० सुनीता सिरोही (इतिहास विभाग)
4. डॉ० गीतांजली (लाईब्रेरी साइंस विभाग)

उपरोक्त कार्यक्रम के नियम निम्नलिखित है –

1. रंगोली में एकल रूप अथवा ग्रुप के साथ प्रतिभाग कर सकते है किन्तु ग्रुप में चार से अधिक संख्या में प्रतिभागी नहीं होंगें। रंगोली की समयावधि 1 घंटा होगी।
2. मेहंदी में एकल रूप से ही भाग लिया जा सकता है। इसकी समयाविधि 30 मिनट की होगी।

आज्ञा से
(डॉ० सीमा राज)
संयोजिका महिला प्रकोष्ठ

मुलतानीमल मोदी महाविद्यालय

मोदीनगर–201204(उ0प्र0)

(सम्बद्ध चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ)

(राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् के द्वारा मूल्यांकित)

दूरभाष संख्या : 01232–243483
फैक्स संख्या : 01232–223620

वेबसाइट : www.mmcmodinagar.co.in
ई–मेल : info@mmcmodinagar.co.in

पत्रांक : .....

दिनांक : 22.12.2017

सूचना

महाविद्यालय के समस्त छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि महिला प्रकोष्ठ (2017–2018) के तत्वाधान में महाविद्यालय में एक पोस्टर प्रतियोगिता एवं लघु विचार गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। पोस्टर प्रतियोगिता एवं विचार गोष्ठी का शीर्षक है – "नारी सशक्तिकरण के विभिन्न आयाम" सभी इच्छुक विद्यार्थी दिनांक 13–01–2018 तक निम्नलिखित शिक्षकों को अपने नाम दें:

1. डॉ0 सीमा राज (समन्वयक, महिला प्रकोष्ठ, सांख्यिकी विभाग)
2. डॉ0 बसुधा शर्मा (वनस्पति विभाग)
3. डॉ0 सुनीता सिरोही (इतिहास विभाग)
4. डॉ0 गीतांजली (लाइब्रेरी साइंस विभाग)

आज्ञा से
(डॉ0 सीमा राज)
समन्वयक महिला प्रकोष्ठ

पोस्टर प्रतियोगिता

	Name	Class	Sub	Ph no
1)	Vaishali	M.Sc III Sem	Maths	9012640742
2)	Saurav Kr	B A II	Pol Sc, Hindi, Hist	8755525184
3)	Ranjana	B Sc. II	Bio	8439403042
4)	Soni	B.A II		
5)				

गोष्ठी

Name	Class	Subject	Ph no
1) Khushali	M Sc. III Sem	Maths	9012640742
2) Divyanshi	B Sc I (Bio)		
3) Abhinav Akash	B Sc 2 (Bio)		
4) Nisant Punia	M Sc 2		
5) Rohan Sharma	B.Sc III (Bio)		
6) ~~Gaurav~~ Varun Jindal	B. Com III		
7) Kajal Gupta	B Sc. III		

मेंहदी प्रतियोगिता

Name	Class	Sub	Ph. no
1) Vaishali	MSc IV Sem	Maths	9012640742
2) Anjiya	B.Sc I (Bio)		
3) Shivani	B.Sc I (Bio)		
4) Poonam	B.Sc III (Bio)		7500572279
5) Ranjana	B.Sc II (Bio)		8439903042
6) Madhavi	MSc IV Sem	Stats	
7) Pallavi	B.A 2		7253908126
8) Ritu	'C' level		

रंगोली प्रतियोगिता

1) Soni, Samreen, Saina, Anchal, Yogeshwari
2) Ashutosh, Aditya, Mohit, Saurav
3) Anshul, Pooja, Bhawana, Jyoti, Chanchal
4)

सत्र 2021-22 ①

महिला प्रकोष्ठ

सत्र 2021-22 के सन्दर्भ मे महिला प्रकोष्ठ "शक्ति वाटिका' द्वारा राम कथानक विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता की श्रृंखलाएँ आयोजित की गई। प्रथम श्रृंखला (30-9-21) के अन्तर्गत प्रतिभागियो ने 'श्रीरामचरित्र' पर 36 घटनाओ को चित्रों में चित्रांकित किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्राचार्य डॉ पी. के. गर्ग ने दीप प्रज्ज्वलन द्वारा किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ रेखा सक्सैना जी रहीं। महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ वन्दना शर्मा, निर्णायक मंडल में डॉ. बी. सी. पाण्डेय, डॉ बिबेकशील, डॉ मयंक मोहन रहे। सम्मानित प्राध्यापकों में डॉ दीपक अग्रवाल, डॉ हरीश कुमार, डॉ एम. कू अंसारी आदि उपस्थित रहे।

श्री राम चरित्र पर पोस्टर प्रतियोगिता की द्वितीय श्रृंखला 9-10-21 को आयोजित की गई। प्राचार्य महोदय डॉ पी. के गर्ग के दीप-प्रज्ज्वलन एवं आशीर्वचनों से कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। प्रतिभागियों ने मधुबनी पेंटिंग द्वारा जटायु प्रसंग, पादुका दान, लक्ष्मण रेखा, राम-रावण प्रसंग, हनुमान श्रीराम मिलन द्वारा

'श्रीराम चरित्र' का चित्रांकन किया।
इस सुअवसर पर महाविद्यालय के सभी सम्मानित प्राध्यापक उपस्थित रहे। विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

'श्रीराम चरित्र' के सन्दर्भ में पोस्टर प्रतियोगिता की अन्तिम श्रृंखला 1.11.21 को आयोजित की गई। दीपावली के शुभ अवसर पर इस आयोजन को एक समग्र प्रतियोगिता (पोस्टर, दीप सजावट, एवं रंगोली) का प्रारूप दिया गया। प्राचार्य महोदय डॉ पी. के. गर्ग एवं मुख्य अतिथि डॉ. रेखा सक्सेना जी के दीप प्रज्ज्वलन एवं माँ सरस्वती की आराधना एवं माल्यार्पण द्वारा कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। प्रतिभागियों ने भगवान श्री राम के जीवन की घटनाओं का सजीव चित्रण करके सभी को आनन्द से भाव-विभोर कर दिया। शबरी प्रसंग, श्रीराम का अयोध्या आगमन, रावण पर विजय, आदि सभी चित्रों ने सतयुग के समय को मानो पुनर्जीवित सा कर दिया। महाविद्यालय प्रांगण को प्रतिभागियों की दीपमाला एवं रंगोलियों की सज्जा ने शब्दमयी बना दिया। इस अवसर पर मीडिया प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ वन्दना शर्मा ने अपने आशीर्वचनों से प्रोत्साहित को उत्साहित किया एवं सभी के प्रति

आभार अभिव्यक्त प्रदान की। विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

महिला प्रकोष्ठ के सौजन्य से 1.10.21 को अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर 'बालिका की विधिक साक्षरता एवं जागरूकता विषय' पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गयी। सभी गणमान्य प्राध्यापकों एवं महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ वन्दना शर्मा ने इस विषय पर अपने विचार रखे। प्रतिभागियों ने भी वर्तमान समय में बालिका शिक्षा एवं सरकार के अग्रतिम प्रयासों से अन्य सभी विद्यार्थियों को परिचित करवाया। आभार अभिव्यक्त डॉ वन्दना शर्मा ने की।

—— × —— × ——

सत्र 2020-21

सत्र 2020-21 में महिला प्रकोष्ठ के सौजन्य से 25 जनवरी 2021 को एक निबन्ध प्रतियोगिता एवं 'पञ्चतन्त्र की कहानियों का वाचन' प्रतियोगिता आयोजित की गयी। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्राचार्य डॉ. अजय शर्मा ने माँ सरस्वती के माल्यार्पण एवं दीपप्रज्ज्वलन से किया। निबन्ध प्रतियोगिता के विषय थे-

1. संस्कृति और आधुनिकता
2. आधुनिक जीवन शैली और योग।

लगभग 30 प्रतिभागियों ने अपने विचारों को निबन्ध रूप में प्रेषित किया। पञ्चतन्त्र की कहानियों में 15 प्रतिभागियों ने पञ्चतन्त्र के नैतिक स्वरूप को संक्षिप्त रूप में अभिव्यक्त किया। खरगोश और शेर, मूर्ख ब्राह्मण, चतुर लोमड़ी, रंगा सियार, चार राजकुमा. आदि प्रतीकात्मक स्वरूपों से सभी ने पञ्चतन्त्र के मर्म को समझा। प्राचार्य डॉ अजय शर्मा ने अपने सुवचनों से सभी का उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के

सभी गणमान्य प्राध्यापक उपस्थित रहे।
विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।
आभारोक्ति मीतला प्रकोष्ठ की संयोजिका
डॉ वन्दना शर्मा ने की।

मुलतानीमल मोदी महाविद्यालय,मोदीनगर
राष्ट्रीय सेवा योजना–2016–2017
सात दिवसीय रात–दिन के विशेष शिविर की आख्या
21.02.2017–27.02.2017

हमारे महाविद्यालय में सत्र 2016–17 में संचालित रा०से०यो० की चारों इकाईयों के सात दिवसीय शिविर का शुभारम्भ दिनांक 21.02.2017 को प्रातः 8 बजे ग्राम भूपेन्द्रपुरी में कार्यक्रम अधिकारी **डॉ० मयंक मोहन** के नेतृत्व में हुआ था। **इस अवसर पर मुख्य अतिथि** श्री आर०सी०लाल, डॉ० पी० के० गर्ग तथा **विशिष्ट अतिथि डॉ० मनीष, प्राध्यापक, राजकीय महाविद्यालय, पुवारकाशी, सहारनपुर थे।** शिविर के उद्घाटन के समय डॉ० पूनम, समाजसेवी सियाराम जी, **दैनिक समाचार पत्रों के सम्माननीय पत्रकार बन्धु** तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। प्रातः 10 बजे उद्घाटन कार्यक्रम के पश्चात् कार्यक्रम अधिकारी **डॉ० मयंक मोहन** ने सभी स्वयंसेवकों को 10–10 स्वयंसेवकों की टोली में बांट दिया तथा उनकी टोली का नामकरण करके उन्हें सात दिनों में होने वाले कार्यों से अवगत कराते हुए कार्य भार विभाजित किये। तत्पश्चात् सभी स्वयंसेवकों ने ग्राम का सघन अवलोकन किया तथा विस्तृत रूप से सर्वेक्षण किया। स्वयं सेवकों ने ग्रामीणों और अपने मध्य एक अच्छा सम्पर्क स्थापित करते हुए ग्रामीण जीवन की समस्याओं को जाना तथा अपने स्तर पर उन समस्याओं के समाधान के लिये विचार मंथन भी किया। दोपहर भोजन के पश्चात् बौद्धिक कार्यक्रम में श्री [illegible] जी ने स्वयं सेवकों को अपने विचारों से प्रेरित किया। बौद्धिक कार्यक्रम की आज की गोष्ठी का विषय **विमुद्रीकरण देश के हित में था अथवा अहित में था।** इस परिचर्चा में लाल बहादुर टोली ने पक्ष में प्रभावशाली तरीके से अपने विचार रखे। संध्या के समय पास के ही मैदान में स्वयंसेवकों ने फुटबाल खेली। रात्रि में भोजन के पश्चात् विद्यार्थियों ने कैम्प फायर का आयोजन किया जिसमें लड़कियों ने पंजाबी नृत्य किया तथा लड़कों ने गजल सुनाई। इसके अतिरिक्त सभी ने अपने दिन भर के अनुभवों को एक–दूसरे के साथ बांटा तथा उन पर विचार विमर्श किया। रात्रि 11.00 बजे सभी स्वयंसेवक सोने के लिये अपने–अपने कक्षों में चले गये।

शिविर के दूसरे दिन प्रातः 5.00 बजे सभी स्वयंसेवक जाग गये तथा 5.30 बजे तक नित्य कर्मों से निवृत्त होकर योग के लिये तैयार हो गये। 8.00 बजे नाश्ते के पश्चात् सभी स्वयंसेवक कार्यक्रम अधिकारी **डॉ० मयंक मोहन** के साथ पास में ही स्थित ऐतिहासिक सिकरी मन्दिर के भी दर्शन के लिये गये जहां स्वयंसेवकों को एक अलग प्रकार की आध्यात्मिक अनुभूति हुई उस मन्दिर के अंदर एक वृक्ष ऐसा भी था जो हमारे क्रांतिकारियों के बलिदान की याद दिलाता था। छात्रों ने कार्यक्रम अधिकारी **डॉ० मयंक मोहन** के नेतृत्व में ग्राम के पश्चिम क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया तथा कई क्षेत्रों की साफ–सफाई करते हुए ग्रामीणों को स्वच्छता के लाभों से अवगत कराया तथा छात्राओं ने प्रभातफेरी के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर जागरूकता कार्य किया। इन सभी कार्यों के

Principal
Multanimal Modi College
Modinagar

बीच ग्रामीणों को स्वच्छता के विषय में भी अवगत कराया गया। दोपहर मुंशी प्रेमचंद की टोली को भोजन की व्यवस्था देखनी थी जिसे उन्होंने अत्यन्त कुशलता के साथ निभाया। बौद्धिक कार्यक्रम के अन्तर्गत आज के अतिथि श्री किशन जी थे उन्होंने सामाजिक जीवन की संरचना एवं सामुहिक परिवार के महत्व पर प्रकाश डाला। आज छात्र-छात्राओं के बीच कम ऊर्जा में **भोजन बनाने की प्रतिस्पर्धा** का आयोजन हुआ जिसमें उनके साथ-साथ शिविर में उपस्थित अन्य लोगों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस प्रतिस्पर्धा में रानी लक्ष्मीबाई टोली ने विशेष प्रकार से भोजन तैयार कर यह संदेश दिया किया कि ऊर्जा की बचत किस प्रकार की जा सकती है। रात्रि में भोजन के पश्चात् शिविर्थियों ने कैम्प फॉयर के समय गांव के लोगों के साथ बातचीत की तथा उनके स्थानीय ग्रामीण परिवेश के विषय में निकट से जानकारी हासिल की। कुछ स्थानीय ग्रामीणों ने यहां के लोकगीतों को रागनी के माध्यम से सुनाया जिससे सभी स्वयंसेवक प्रभावित हुए तथा उनमें से कुछ ने इस विधा को सीखने का भी प्रयास किया। उसके पश्चात् सभी स्वयंसेवकों ने आज दिन की डायरी को पूरा किया तथा दिन भर के अपने अनुभवों का ब्यौरा उस डायरी पर उतारा।

शिविर के तीसरे दिन प्रातः नित्य कार्यों से निपटकर योग के समय कार्यक्रम **अधिकारी डॉ० मयंक मोहन** ने रा० से० यो० के लक्ष्य गीत के पश्चात् स्वयं सेवकों को आत्मदर्शन कराने का उपाय बताया जिसमें उन्होंने सभी स्वयंसेवकों को शिविर स्थल पर बैठे-बैठे ही ग्राम सैकरी घुमाने का अनुभव कराया। आज सभी स्वयंसेवकों ने ग्राम की दिवारों पर सामाजिक विकास एवं उत्थान के लिये आकर्षक नारे लिखे तथा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशा, दहेज, अशिक्षा, अंधविश्वास इत्यादि सामाजिक बुराईयों की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित किया। छात्राओं ने ग्रामीण महिलाओं एवं बच्चों को घर-घर जाकर साक्षरता एवं साफ-सफाई का महत्व बतलाया। यहां के ग्रामीण क्षेत्र में बहुधा एक समस्या देखने को मिली है कि यहां लोगों के पास राशनकार्ड नहीं है। आज रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें सरस्वती टोली ने प्रथम, लक्ष्मीबाई टोली ने द्वितीय तथा लीलीबाई टोली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। आज इसी दौरान कुछ एन०एस०एस० के पुराने स्वयंसेवक भी शिविर स्थल पर पहुंच गये तथा उन्होंने अपने पहले अनुभव बताते हुए नये स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन किया। बौद्धिक कार्यक्रम की गोष्ठी का आज का विषय **मलिन बस्तियों में सरकारी योजनाओं की सार्थकता** था। जिसमें हमारे अतिथि श्री ब्रजभूषणजी, समाजसेवी ने अपने विचार प्रकट किया। निष्कर्ष रूप में कहा जा सकता है कि आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ तो जागरूकता की कमी है और कुछ सरकारी रवैया भी उपेक्षापूर्ण है जिसके परिणाम स्वरूप सरकारी योजनाओं को आम ग्रामीण को उचित रूप से नहीं मिल पा रहा है। आज कैम्प फॉयर के समय गीत-संगीत कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ जिसमें सभी छात्र-छात्राओं ने पूरे मनोयोग से भाग लिया तथा स्थानीय कार्यक्रमों की प्रस्तुति की तथा आपस में मनोरंजन के लिये गायन के भी प्रोग्राम किये इसके अतिरिक्त कुछ समस्याओं पर नुक्कड़ नाटक

Principal
Multanimal Modi College
Modinagar

गी तैयार किये गये जिनका प्रदर्शन गांवों की चौपाल पर करना तय किया गया जिससे कि ग्रामीण समाज की पुरातन विचारधारा में कुछ परिवर्तन करके उनमें सुधार का प्रयास किया सके।

शिविर के चौथे दिन छात्र –छात्राओं ने प्रातः योग किया, आज मोहित तथा ज्योति ने सभी स्वयंसेवकों को योगा कराया। आज महाशिवरात्री के कारण स्वयंसेवकों का उपवास था तथा सभी ने निर्णय लिया कि दोपहर सभी लोग फलाहार करेंगे। इसके पश्चात् स्वयंसेवकों द्वारा विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में वृक्षारोपण किया तथा कृषि कार्यों से सम्बन्धित तकनीकी ज्ञान की जानकारी ग्रामीणों को दी यहां यह विशेष बात देखने में आयी कि जो जानकारी स्वयंसेवक ग्रामीणों को दे रहे थे वे व्यावहारिक नहीं थी अपितु ग्रामीणों द्वारा जो जानकारी स्वयंसेवकों को दी गई उससे स्वयंसेवकों का ही ज्ञान बढ़ा जो कि निश्चित रूप से भविष्य में इनके काम आयेगा। इसके अतिरिक्त छात्राओं ने ग्रामीण महिलाओं एवं बच्चों की उन समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया जो कि अशिक्षा, अज्ञानता एवं रूढ़िवादिता के कारण उनके बीच में उत्पन्न हो रही थी। स्वयंसेवक जब ग्रामीण के बीच पहुंच कर उनसे बात करते थे तो अनेक ग्रामीणों ने उन्हें सरकारी अधिकारी समझ लिया तथा उनसे बचने का प्रयास किया उस स्थिति में हमारे स्वयंसेवकों ने उन्हें रा0 से0 यो0 के विषय में बताया तथा उनका भ्रम दूर करते हुए उनकी मदद का प्रयास किया। उनके इन प्रयासों का ग्रामीणों द्वारा खुले हृदय से स्वागत किया गया। बौद्धिक कार्यक्रम की गोष्ठी में आज स्वच्छ भारत अभियान के अन्तर्गत श्री फारूक तथा श्री दुष्यन्त जी आये उन्होंने उक्त विषय पर एक प्रभावशाली व्याख्यान दिया तथा बताया कि हर घर में शौचालय की व्यवस्था के लिये सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा उन्होंने इसके साथ ही स्वयंसेवकों का आह्वान इस मिशन से जुड़ने के लिये किया। इस कार्यक्रम के आयोजन में मुख्य भूमिका छात्र संघ अध्यक्ष श्री योगेश तिवारी की रही। आज दोपहर के समय प्राचार्य महोदय ने शिविर का औचक निरीक्षण किया साथ में श्री हरीश कुमार भी थे। प्राचार्य महोदय ने स्वयंसेवकों का उत्साहवर्द्धन करते हुए पूरे शिविर का निरीक्षण किया तथा स्वयंसेवकों को सुझाव देते हुए उनके कार्य की प्रशंसा की। रात्रि में शिविर्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जिसके अन्तर्गत कव्वाली प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें भावना, शुभांगी, निखिल, मोहित, प्रशान्त नेहरा ने अच्छा प्रदर्शन किया।

शिविर के पांचवे दिन छात्र –छात्राओं सहज योग किया तथा जिस प्रकार श्री भूपेन्द्र जी ने सहज योग की विधि बतायी थी उसका अभ्यास किया। प्रातः ही काफी संख्या में ग्रामीण लोग योग शिविर में आ गये तथा उन्होंने स्वयंसेवकों के साथ योग की विभिन्न क्रियाओं के विषय में जानकारी प्राप्त की। उसके पश्चात् स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को सरकार द्वारा उनके लिये चलायी जा रही ग्राम विकास की योजनाओं को बतलाया तथा सामाजिक जागरुकता को प्रबल करने के लिये एक सामूहिक अभियान चलाया जिसमें नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दहेज, नशा, प्रदूषण तथा जुआ इत्यादि जैसी बुराईयों पर प्रहार किया गया। बौद्धिक कार्यक्रम की गोष्ठी का आज का विषय **कृषि बनाम औद्योगिक विकास–देश के विकास में क्या अधिक सहायक है** था जिसमें हमारे मुख्य वक्ता श्री रीतपाल जी थे।

Principal
Multanimal Modi College
Modinagar

इस गोष्ठी में दानिश, किशनपाल, भावना, रीतु, गुंजन ने विशेष रूप से प्रतिभाग किया तथा कृषि को देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी बताया। आज सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता भी आयोजित हुयी जिसमें स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्ण तरीके से प्रतिभाग किया इस प्रतियोगिता में विशाल, ज्योति, कामना, आशुतोष ने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन सर्वाधिक पुरस्कार विशाल ने जीते। आज लायंस क्लब के माध्यम से हमारे स्वयंसेवकों ने रक्तदान शिविर लगाकर 36 यूनिट रक्त दान दिया। रक्त दान प्राप्त करने के लिये लायन्स क्लब की टीम सायं 3 बजे शिविर स्थल पर पहुंची तथा जिसमें डॉ० तोमर ने रक्तदान के विषय में स्वयंसेवकों के मन में उत्पन्न भ्रम को दूर किया तथा रक्त दान के लिये प्रेरित किया। सर्वप्रथम कार्यक्रम अधिकारी डॉ० मयंक मोहन ने रक्तदान के लिए अपना पंजीकरण कराया इसके पश्चात् 35 और स्वयंसेवकों ने रक्तदान के लिए पंजीकरण कराकर अपना रक्त दान किया। इस सब विधि में शाम के 6 बज गये। तत्पश्चात् सभी लोगों ने थोड़ी देर आराम कर शाम के भोजन का प्रबन्ध किया तथा 9 बजे तक भोजन कर कैम्प फायर का आयोजन किया, जिसमें ग्रामीण लोगों ने स्वयंसेवकों के साथ पुरानी कहावतों पर चर्चा की तथा ये प्राचीन कहावतें आज के समय में कितनी सही है इस पर चर्चा की।

शिविर के छठे दिन प्रातः सत्र में स्वयंसेवकों ने **प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अन्तर्गत** एक कार्यशाला का आयोजन किया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में डॉ० छवि त्यागी, सह-सचिव, डी० के० एन० मोदी फाउन्डेशन ने स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए सरकार के द्वारा चलायी जाने वाली अनेक योजनाओं पर प्रकाश डाला। इसके साथ ही डॉ० छवि त्यागी ने हमारे महाविद्यालय में दो दिन अपनी हैल्प डैस्क लगाने का वादा किया जिसमें हमारे महाविद्यालय के विद्यार्थी यदि चाहें तो बिल्कुल निःशुल्क रोजगारपरक शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। दोपहर भोजन के पश्चात् बौद्धिक सत्र के अन्तर्गत सहज योग से सम्बन्धित कार्यक्रम हुआ जिसमें सहज योग के स्टेट इन्स्ट्रक्टर, डॉ० भूपेन्द्र त्यागी, मेरठ सेन्टर के कॉर्डिनेटर श्री [illegible] सिंह जी, मोदीनगर सेन्टर के कॉर्डिनेटर श्री शैलेश राय जी तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० [illegible] सी० लाल साहब के अतिरिक्त लगभग मोदीनगर एवं मेरठ क्षेत्र के अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने प्रतिभाग किया। संध्या के समय मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया इसमें संजना, गुड्डी, कामना ने प्रतिभाग किया तथा अपनी मेंहदी कला का प्रदर्शन किया। आज सांस्कृतिक कार्यक्रम के अन्तर्गत छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम प्रस्तुत किये। रात्रि में भोजन के पश्चात् शिविरार्थियों ने कैम्प फायर के समय अपने द्वारा किये गये पूर्व कार्यों की समीक्षा की तथा अंतिम दिन को प्रस्तुत किये जाने वाले समापन समारोह में किये जाने वाले कार्यक्रमों की तैयारी की। इसके अन्तर्गत नुक्कड़ नाटक, नृत्य, गायन तथा रागनी की विशेष तैयारी की गई इसके अतिरिक्त इस बात पर भी विश्लेषण हुआ कि इन छः दिनों में ग्रामीण समस्याओं का विश्लेषण किया उनका क्या सरल समाधान हो सकता है। इसके लिये

Principal
Multanimal Modi College
Modinagar

स्वयंसेवकों ने अपनी-अपनी टोली की रिपोर्ट तैयार की तथा यह सुनिश्चित किया कि ये रिपोर्ट किसी सक्षम अधिकारी के समक्ष रखी जाये जिससे कि ग्रामीण क्षेत्र की समस्या का कुछ समाधान हो सके।

शिविर के अन्तिम तथा सातवें दिन छात्र-छात्राओं ने ग्रामवासियों के सहयोग के लिये उन्हें धन्यवाद देने हेतु ग्राम का भ्रमण किया इसके साथ ही उन्हें आश्वासन भी दिया कि उनकी समस्याओं को शासन के समक्ष रखकर कुछ न कुछ समाधान निकालने का अवश्य प्रयत्न किया जायेगा। 1 बजे शिविर में पहुँचकर स्वयंसेवकों ने भोजन तैयार किया। दोपहर लगभग 3 बजे प्राचार्य महोदय डॉ० आशा सी० लाल साहब, विशिष्ट अतिथि डॉ० भूपेन्द्र त्यागी उनके दो सहायक तथा ग्राम के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित उपस्थित हुए। जिसमें स्वयंसेवकों ने सरस्वती वन्दना एवं स्वागत गीत के पश्चात् रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुती की जिसमें दहेज प्रथा, एवं समाज में महिलाओं के साथ छेड़छाड़ से संबंधित समस्याओं को दर्शाते हुए आदित्य, रीतु, अमित इत्यादि ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किये। छात्राओं ने नृत्य कार्यक्रम प्रस्तुत किये। शिविर के छात्र-छात्राओं ने इस सात दिवसीय विशेष शिविर में अपने अनुभवों को बताया तथा स्वयंसेवक निखिल ने सभी स्वयंसेवकों के प्रयासों से क्रय की गये एक सन्दूक एवं 50 खाने की [illegible] महाविद्यालय के एन०एस०एस० इकाईयों को भेंट की। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ० मयंक मोहन ने सात दिवसीय विशेष शिविर की आख्या प्रस्तुत की तथा स्वयंसेवकों को इस बात की शपथ दिलायी कि यह शिविर केवल सात दिन का नहीं है अपितु उन्होंने जो यहां सीखा है उन आदर्शों को जीवनपर्यन्त निभाना है। अन्त में प्राचार्य महोदय ने रा०से०यो० के सात दिवसीय विशेष शिविर के समापन की विधिवत् घोषणा करते हुए कहा कि जो भी कुछ स्वयंसेवकों ने इस शिविर से सीखा है वह महाविद्यालय में जाकर और विद्यार्थियों को भी बतायें जिससे कि उनमें भी समाज के प्रति अपने कर्तव्य जागृत हो सकें। कार्यक्रम अधिकारी डॉ० मयंक मोहन ने सभी लोगों का आभार व्यक्त किया तथा एक-दूसरे से विदाई ली।

Principal
Multanimal Modi College
Modinagar

शिविर में स्वयंसेवकों द्वारा किये गये कार्य

	कार्य	
1	जल संरक्षण की जानकारी देना।	29
2	परिवार नियोजन के लाभ बताना	38
3	प्रौढ शिक्षा प्रदान करना	23
4	सरकारी योजनाओं से अवगत कराना।	56
5	वृक्षारोपण करना	72
6	सामाजिक कुरीतियों का विरोध करना	11
7	युवतियों को सिलाई, एवं बुनाई सिखाना	19
8	समाज के प्रति शिक्षित युवा वर्ग के दायित्व के कर्तव्य के बारे में अवगत कराना।	24
9	आपदा के समय बचाव सम्बन्धी जानकारी देना।	36
10	मकान / घरों के अन्दर और बाहर एवं आस –पास में सफाई सम्बन्धी जानकारी देना	54
11	राष्ट्रीय एकता एवं मतदान पर रैलियों के माध्यम से जानकारी देना	9
12	रक्तदान किया	36

कार्यक्रम प्रभारी
डॉ० मयंक मोहन

Principal
Mahavirmal Modi College
Modinagar

मुलतानीमल मोदी महाविद्यालय,मोदीनगर

राष्ट्रीय सेवा योजना–2017–2018

सात दिवसीय दिन–रात के विशेष शिविर के प्रथम दिन की आख्या

हमारे महाविद्यालय में सत्र 2017–18 में संचालित रा०से०यो० की चारों इकाईयों के सात दिवसीय (दिन–रात) शिविर का शुभारम्भ दिनांक 05.01.2018 को प्रातः 9 बजे ग्राम भूपेन्द्रपुरी में कार्यक्रम अधिकारी **डॉ० मयंक मोहन** जी के नेतृत्व में हुआ था। **इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ० आर०सी०लाल, विशिष्ट अतिथि डॉ० पी० के० गर्ग थे।** शिविर के उद्घाटन के समय डॉ० विवेकशील, श्री बी०एस०मलिक, **दैनिक समाचार पत्रों के सम्माननीय पत्रकार बन्धु** तथा अन्य सम्माननीय व्यक्ति भी उपस्थित थे। प्रातः 10 बजे उद्घाटन कार्यक्रम के पश्चात् स्वयं सेवकों ने ग्राम का सघन अवलोकन किया तथा विस्तृत रूप से सर्वेक्षण किया। स्वयं सेवकों ने ग्रामीणों और अपने मध्य एक अच्छा समन्वय स्थापित करते हुए ग्रामीण जीवन की समस्याओं को जाना तथा अपने स्तर पर उन समस्याओं के समाधान के लिये विचार मंथन भी किया। दोपहर भोजन के पश्चात् **बौद्धिक कार्यक्रम** में श्री मनोज जी ने स्वयं सेवकों को गुरु गोविन्द सिंह जी की जयन्ति के अवसर पर उनके विचारों से प्रेरित किया। बौद्धिक कार्यक्रम की आज की गोष्ठी का विषय **"स्वतंत्रता हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है"** था। जिसमें स्वराज जैसे विषय को लेकर नई–नई परिभाषायें सामने आयी इसमें अधिकांश छात्रों एवं अतिथियों ने बहुत ही सारगर्भित तरीके से अपनी बातों को रखा। सांय 4 बजे बौद्धिक कार्यक्रम के पश्चात् सभी स्वयंसेवकों ने मिलकर लाल बहादुर शास्त्री स्कूल जिसमें कि शिविर का आयोजन किया गया था उस स्थान की साफ–सफाई की। सांय 5 बजे सभी स्वयंसेवक अपनी–अपनी टोली के साथ आस–पास के क्षेत्रों में भ्रमण हेतु निकल गये। सांय 6 बजे के लगभग चारों इकाईयों के स्वयंसेवक कृष्णकुंज स्थित शिविर स्थान पर एकत्रित हो गये जिसका मुख्य कारण यह था कि सुरक्षा की दृष्टि से चारों इकाईयों के कार्यक्रम अधिकारियों ने प्राचार्य महोदय को संज्ञान में लाते हुए यह निर्णय लिया था कि रात्रि के सभी कार्यक्रम महाविद्यालय की चारों इकाईयां सम्मिलित रूप से एक ही स्थल पर एकत्रित होकर सम्पन्न करेंगी तथा अगले दिन प्रातः योगाभ्यास के पश्चात् सभी इकाईयां अपने–अपने कार्यक्षेत्र में लौट जायेंगी। स्वयंसेवकों ने रात्रि भोजन की तैयारी आरम्भ कर दी जिसमें प्रथम दिन महाविद्यालय की प्रथम इकाई ने भोजन बनाने का कार्यभार ग्रहण किया जिसमें उन्होंने अपने कार्यक्रम अधिकारी की मदद ली। भोजन का कार्य लगभग रात्रि 8 बजे समाप्त हो गया जिसके पश्चात् कैम्प फायर लगाया गया स्वयंसेवकों ने विभिन्न

Principal
Multanimal Modi College
Modinagar

कार्यक्रमों की प्रस्तुती दी। रात्रि दस बजे लड़कों के दल के साथ श्री योगेन्द्र जी रहे तथा लड़कियों के दल के साथ डॉ0 सीमाराज जी रहीं। कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 मयंक मोहन तथा डॉ0 अमर सिंह कश्यप अपने-अपने दल के कुछ लड़कों के साथ सुरक्षा शिविर में रहे।

शिविर के दूसरे दिन छात्रों ने कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 मयंक मोहन के नेतृत्व में ग्राम भूपेन्द्रपुरी की मलिन बस्तियों में सफाई अभियान चलाया तथा कई लोगों की साफ-सफाई करते हुए ग्रामीणों को स्वच्छता के लाभों से अवगत कराया इसके साथ ही पूर्व सत्र 2016-17 में किये गये अपने द्वारा किये गये कार्यों की समीक्षा भी की। यहां यह देखकर अच्छा लगा जिन क्षेत्रों में सत्र 2016-17 में हमारे स्वयंसेवकों ने सफाई अभियान चलाया था तथा लोगों को सफाई के प्रति जागरूक किया था वहां इस वर्ष काफी साफ-सफाई देखने को मिली। यहां यह बात ध्यान देने योग्य है कि पूर्व सत्र 2016-17 में हमारे महाविद्यालय की छात्राओं ने जो भी बातें ग्रामीण महिलाओं को समझाई थी वे उनका पालन करने में तत्पर रहीं। बौद्धिक कार्यक्रम के अन्तर्गत आज के अतिथि श्री योगेन्द्र शर्मा जी थे उन्होंने विद्यार्थियों के लिये सामान्य ज्ञान के महत्व को बताते हुए उन्हें अपने व्यक्तित्व विकास को निरन्तर समृद्ध करने के लिये प्रेरित किया। आज बौद्धिक कार्यक्रम के अन्तर्गत छात्र-छात्राओं के बीच वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें उनके साथ-साथ शिविर में उपस्थित अन्य लोगों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सांय 4 बजे बौद्धिक कार्यक्रम के पश्चात् सभी स्वयंसेवकों ने मिलकर शिविर स्थल की साफ-सफाई की। सांय 5 बजे स्वयंसेवक अपनी-अपनी टोली के साथ आस-पास के क्षेत्रों में भ्रमण हेतु निकल गये। कुछ स्वयंसेवकों ने वहीं क्रिकेट खेलकर अपना मनोरंजन किया इस खेल में उनके साथ स्थानीय बच्चे भी लग गये जिसके कारण स्थानीय निवासियों के साथ हमारे शिविर के साथ पारिवारिक माहौल बन गया। सांय 6 बजे तक लगभग चारों इकाईयों के स्वयंसेवक पुनः कृष्णाकुंज स्थित शिविर स्थल पर एकत्रित हो गये। स्वयंसेवकों ने रात्रि भोजन की तैयारी प्रारम्भ कर दी जिसमें आज के दिन महाविद्यालय की द्वितीय इकाई ने भोजन बनाने का कार्यभार ग्रहण किया जिसमें उन्होंने अपनी कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 सीमाराज की मदद ली। भोजन का कार्य लगभग रात्रि 8 बजे सम्पन्न हो गया जिसके पश्चात् कैम्प फॉयर लगाया गया स्वयंसेवकों ने विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुती दी साथ ही स्थानीय लोगों ने रागनी प्रस्तुत की जिससे कैम्प का वातावरण संगीतमय हो गया। रात्रि दस बजे लड़कों के दल के साथ

Principal
Multanimal Mo[illegible] [illegible]ege
Modinagar

डॉ० मयंक मोहन रहे तथा लड़कियों के दल के साथ डॉ० सीमाराज जी रहीं। कार्यक्रम अधिकारी श्री योगेन्द्र तथा डॉ० अमर सिंह कश्यप अपने–अपने दल के कुछ लड़कों के साथ पुनः शिविर में रहे।

शिविर के तीसरे दिन छात्र स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम अधिकारी डॉ० मयंक मोहन के नेतृत्व में ग्राम की दीवारों पर हाथ से बने बैनरों के माध्यम से सामाजिक विकास एवं उत्थान के लिये आकर्षक नारे लिखे तथा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशा, दहेज, अशिक्षा, अंधविश्वास इत्यादि सामाजिक बुराईयों की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित किया। आज के दिन हमारे शिविर के 40 स्वयंसेवकों ने सरकारी अधिकारियों के माध्यम से पल्स पोलियो अभियान के अन्तर्गत बच्चों को दवाई पिलायी। इसके साथ ही आज सरकारी आदेशानुसार सभी बी०एल०ओ० की ड्यूटी ग्रामीण क्षेत्रों में लगायी गयी थी जिसमें उन्हें लोगों की वोटर आई डी बनाने की प्रक्रिया पूरी करनी थी हमारे स्वयंसेवकों ने बी०एल०ओ० की मदद हेतु घर–घर जाकर लोगों को बताया कि आज उनकी वोटर आई० डी० कार्ड बन रहा है। जिसकी वजह से अनेकों ग्रामीण अपने–अपने वोटर आई० डी० कार्ड बनवाने में सफल रहे। बौद्धिक कार्यक्रम की गोष्ठी का आज का विषय **शिक्षक एवं शिक्षार्थी** था। जिसमें हमारे अतिथि श्री अशोक त्यागी जी रहे। जिन्होंने ने अपने ओजस्वी विचारों से शिक्षक एवं शिक्षार्थी के परस्पर संबंधों को नये तरीके से परिभाषित करते हुए उन्हें एक–दूसरे का पूरक बताया। सांय 4 बजे बौद्धिक कार्यक्रम के पश्चात् सभी स्वयंसेवकों ने मिलकर शिविर स्थल तथा उसके आस–पास के क्षेत्रों की साफ–सफाई की। सांय 5 बजे सभी स्वयंसेवक अपनी–अपनी टोली के साथ आस–पास के क्षेत्रों में भ्रमण हेतु निकल गये। सांय 6 बजे के लगभग चारों इकाईयों के स्वयंसेवक पुनः कृष्णाकुंज स्थित शिविर स्थल पर एकत्रित हो गये। स्वयंसेवकों ने रात्रि भोजन की तैयारी प्रारम्भ कर दी जिसमें आज के दिन महाविद्यालय की तृतीय इकाई ने भोजन बनाने का कार्यभार ग्रहण किया जिसमें उन्होंने अपने कार्यक्रम अधिकारी डॉ० मयंक मोहन की मदद ली आज भोजन के समय कुछ स्थानीय निवासी भी आ गये तथा उन्होंने भी स्वयंसेवकों के साथ ही भोजन किया उसके पश्चात् उन्होंने कहा कि वे अगले दिन पर्याप्त मात्रा में गुड़ और [illegible] स्वयंसेवकों के लिये भिजवायेंगे। भोजन का यह कार्य लगभग रात्रि 8 बजे सम्पन्न हो गया जिसके पश्चात् कैम्प फायर लगाया गया स्वयंसेवकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। रात्रि दस बजे लड़कों के दल के साथ श्री अमर सिंह जी रहे तथा लड़कियों के दल के साथ डॉ० सीमाराज जी रहीं। कार्यक्रम अधिकारी डॉ० मयंक मोहन तथा डॉ० योगेन्द्र अपने–अपने दल के कुछ लड़कों के साथ पुनः शिविर में रहे।

Principal
Mahamaya M...
Modi...

शिविर के चौथे दिन छात्र –छात्राओं ने कार्यक्रम अधिकारी डॉ० मयंक मोहन के नेतृत्व में विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में वृक्षारोपण किया तथा कृषि कार्यों से सम्बन्धित तकनीकी ज्ञान की जानकारी ग्रामीणों को दी। इस वर्ष इस क्षेत्र में फसलों में कीड़ा लगने की समस्या पहले से कम देखने को मिली। लेकिन हमारे स्वयंसेवकों ने कृषि विभाग के अधिकारियों से सम्पर्क करके उन्हें अपने शिविर में आमंत्रित किया तथा ग्रामीणों की कृषि से संबंधित विभिन्न समस्याओं के निवारण का प्रयास किया। इसके अतिरिक्त छात्राओं ने ग्रामीण महिलाओं एवं बच्चों की उन समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया जो कि अशिक्षा, अज्ञानता एवं रूढ़िवादिता के कारण उनके बीच में उत्पन्न हो रही थी। समाज सेवी संस्था की कार्यकर्ता श्रीमति मालिनी जी ने छात्राओं के उक्त कार्य की प्रशंसा की तथा स्वयं काफी समय तक उन छात्राओं के साथ ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण किया। उनके इन प्रयासों का ग्रामीणों द्वारा खुले हृदय से स्वागत किया गया। आज प्राचार्य महोदय ने शिविर का औचक निरीक्षण किया तथा शिविर के अच्छे संचालन के लिये कार्यक्रम अधिकारी को बधाई देते हुए स्वयंसेवकों की उनके अच्छे कार्य के लिये प्रशंसा की। बौद्धिक कार्यक्रम के अन्तर्गत आज का विषय था **सहज योग आज का महायोग** जिसमें आज के हमारे अतिथि श्री लोकेश जी तथा श्रीमति नीतू थे। आज इस बौद्धिक कार्यक्रम सत्र को चारों इकाईयों ने समवेत रूप में एक ही स्थान पर एकत्रित होकर प्रारम्भ किया। श्री लोकेश जी सहज योग के अन्तर्गत शरीर में सात चक्रों की व्याख्या की तथा इसे विज्ञान से जोड़ते हुए इसके महत्व पर प्रकाश डाला। चूंकि आज का बौद्धिक आयोजन समवेत रूप से कृष्णाकुंज शिविर स्थल पर ही बनाया गया था इसलिये आज सांय चार बजे कोई भी स्वयंसेवक भ्रमण के लिये नहीं गया तथा सभी ने अपनी–अपनी टोली बनाकर विभिन्न खेल खेले जिसमें छात्राओं द्वारा खो–खो तथा छात्रों द्वारा कबड्डी तथा दौड़ का खेल उल्लेखनीय रहे। सांय 6 बजे स्वयंसेवकों ने रात्रि भोजन की तैयारी प्रारम्भ कर दी जिसमें आज के दिन महाविद्यालय की चतुर्थ इकाई ने भोजन बनाने का कार्यभार ग्रहण किया जिसमें उन्होंने अपने कार्यक्रम अधिकारी डॉ० योगेन्द्र जी की मदद ली। भोजन का का कार्य लगभग रात्रि 8 बजे समाप्त हो गया जिसके पश्चात् कैम्प फायर लगाया गया स्वयंसेवकों विभिन्न विषयों में लघु नाटिकाओं का प्रदर्शन किया। रात्रि दस बजे लड़कों के दल के साथ श्री मयंक मोहन रहे तथा लड़कियों के दल के साथ डॉ० सीमाराज जी रहीं। कार्यक्रम अधिकारी डॉ० अमर सिंह कश्यप तथा डॉ० योगेन्द्र अपने–अपने दल के कुछ लड़कों के साथ खुला शिविर में सोये। आज रात्रि कुछ असामाजिक तत्वों ने कुछ उत्पात मचाने की कोशिश की लेकिन चारों

Principal
Multanimal Modi College
Modinagar

कार्यक्रम अधिकारियों की तत्परता, स्थानीय लोगों का सहयोग तथा स्वयंसेवकों की समझदारी से कोई भी अप्रिय घटना घटित नहीं हुई।

शिविर के पांचवे दिन प्रातः 5 बजे सभी स्वयंसेवक जाग गये तथा छात्रों ने डॉ0 मयंक मोहन एवं डॉ0 अमर सिंह कश्यप के साथ व्यायाम किया तथा छात्राओं ने डॉ0 सीमाराज एवं श्री भूपेन्द्र जी के साथ योगाभ्यास किया। नाश्ते के पश्चात् 9 बजे सहजयोग के लिये श्री लोकेश कुमार जी ने स्वयंसेवकों को प्रेरित किया तथा संगीत के सात स्वरों के आधार पर कुण्डली जागृत करने का अभ्यास कराया। 11 बजे सभी स्वयंसेवक अपने-अपने कार्यक्रम अधिकारियों के साथ ग्राम सीकरी गये तथा वहां के ऐतिहासिक शिव मंदिर का भ्रमण किया तत्पश्चात् चारों इकाई अपने-अपने कार्यक्रम अधिकारियों साथ विभक्त हो गई तथा सीकरी ग्राम की विभिन्न दलित मौहल्लों में सामाजिक कुरितियों और विभिन्न विकास से संबंधित बातों के ज्ञान के प्रसार के लिये निकल गयी। यहां सभी एन0एस0एस0 अधिकारियों ने सभी इकाईयों के स्वयंसेवकों को एक-एक प्रश्नावली दी तथा बताया कि इस प्रश्नावली के माध्यम से ही उनके कार्य का आकलन किया जायेगा। दोपहर 2 बजे तक सभी स्वयंसेवक अपने शिविर स्थल पर लौट आये तथा उन्होंने भोजन किया। यहां उल्लेखनीय है कि दोपहर भोजन के प्रबन्ध के लिये चारों इकाईयों के 5-5 स्वयंसेवक शिविर स्थल पर ही रूके थे जिन्होंने पूर्ण कुशलता के साथ अपने कार्य को पूरा किया। बौद्धिक कार्य के अन्तर्गत सांय 4 बजे श्री प्रभात शर्मा जी, स्पेशल क्राइम ब्रांच अधिकारी, दिल्ली हमारे मध्य मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए तथा उन्होंने अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभव हमारे साथ साझा करते हुए स्वयंसेवकों को इस विषय के बारे में जानकारी दी कि यदि उन्हें पुलिस विभाग में सेवायें देने की इच्छा है तो वे किस प्रकार तैयारी कर सकते हैं स्वयंसेवकों ने पूर्ण मनोयोग से उनके साथ वार्तालाप किया। आज सभी स्वयंसेवक अपने-अपने व्यक्तिगत सामर्थ्य से उस क्षेत्र के गरीब विद्यार्थियों के लिये कुछ पाठ्य सामग्री लाये थे जो कि उन्होंने संस्कार एकेडमी के संचालक महोदय को सौंप दी। सांय 4 बजे बौद्धिक कार्यक्रम के पश्चात् सभी स्वयंसेवकों ने मिलकर शिविर स्थल तथा उसके आस-पास के क्षेत्रों की साफ-सफाई की। सांय 5 बजे सभी स्वयंसेवक अपनी-अपनी टोली के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारी की। सांय 6 बजे के लगभग स्वयंसेवकों ने रात्रि भोजन की तैयारी प्रारम्भ कर दी जिसमें आज के दिन महाविद्यालय की प्रथम एवं द्वितीय इकाईयों ने भोजन

Principal
Multanimal Modi College
Modinagar

बनाने का कार्यभार ग्रहण किया जिसमें उन्होंने अपने कार्यक्रम अधिकारी डॉ० अमर सिंह कश्यप तथा डॉ० सीमाराज की मदद की। भोजन का कार्य लगभग रात्रि 8 बजे समाप्त हो गया जिसके पश्चात् कैम्प फॉयर लगाया गया स्वयंसेवकों अंताक्षरी का आयोजन किया जिसमें लड़कियों की टोली विजयी रही। इसी मध्य श्री योगेन्द्र जी ने सामान्य ज्ञान के कुछ रोचक प्रश्न स्वयंसेवकों से पूछे। रात्रि दस बजे लड़कों के दल के साथ श्री मयंक मोहन रहे तथा लड़कियों के दल के साथ डॉ० सीमाराज जी रहीं। कार्यक्रम अधिकारी डॉ० अमर सिंह कश्यप तथा डॉ० योगेन्द्र अपने-अपने दल के कुछ लड़कों के साथ सुरक्षा शिविर में रहे।

शिविर के छठें दिन सभी स्वयंसेवकों ने अपने कार्यक्रम अधिकारी डॉ० मयंक मोहन के साथ ग्राम भूपेन्द्रपुरी में अपने द्वारा किये गये कार्यों का आकलन किया तथा साथ ही ग्रामीणों की सहायता से वृक्षारोपण का भी कार्य किया। गत वर्ष जो वृक्षारोपण स्वयंसेवकों द्वारा किया गया था ग्रामीणों की अच्छी देख-रेख के कारण वे काफी विकसित हो चुके थे। दोपहर 11 बजे नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दहेज विरोधी, लड़का, लड़की में भेदभाव, जुआखोरी एवं नशाखोरी से संबंधित समस्याओं की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित किया गया। ग्राम प्रधान श्री रमेश जी द्वारा वहाँ के स्थानीय निवासियों की समस्याओं का निराकरण करने का आश्वासन दिया गया। आज शिविर स्थल पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन भी हुआ जिसमें स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बौद्धिक कार्यक्रम की गोष्ठी का आज का विषय **रक्त दान, महादान** था। जिसमें रोटरी क्लब के सदस्य अपनी वैन लेकर आये तथा उन्होंने स्वयंसेवकों को रक्त दान करने से होने वाली भ्रांतियों को स्वयंसेवकों के मन से दूर किया तथा उसके सामाजिक लाभों से अवगत कराया। उनसे प्रेरणा पाकर कार्यक्रम अधिकारी डॉ० मयंक मोहन सहित 37 स्वयंसेवकों ने रक्त दान किया जिसके उपरान्त रोटरी क्लब वालों ने उन सभी स्वयंसेवकों को प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराये जिसके माध्यम से आवश्यकता पड़ने पर वे एक यूनिट रक्त कभी भी उस संस्था से ले सकते हैं। सांय 4 बजे बौद्धिक कार्यक्रम के पश्चात् सभी स्वयंसेवकों ने मिलकर शिविर स्थल तथा उसके आस-पास के क्षेत्रों की साफ-सफाई की। सांय 5 बजे सभी स्वयंसेवक अपनी-अपनी टोली के साथ विभिन्न प्रकार की क्रियाओं में व्यस्त हो गये। सांय 6 बजे के लगभग स्वयंसेवकों ने रात्रि भोजन की तैयारी प्रारम्भ कर दी जिसमें आज के दिन महाविद्यालय की तृतीय एवं चतुर्थ इकाइयों ने भोजन बनाने का कार्यभार ग्रहण किया जिसमें उन्होंने अपने कार्यक्रम अधिकारी डॉ० मयंक मोहन तथा श्री योगेन्द्र की मदद की। भोजन का कार्य लगभग रात्रि 8 बजे समाप्त हो गया जिसके पश्चात्

Principal
Multanimal Modi College
Modinagar

कैम्प फायर लगाया गया जिसमें सभी स्वयंसेवकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कुछ समय के लिये अपने चारों कार्यक्रम अधिकारियों के साथ सभी इकाईयों के स्वयंसेवकों ने अगले दिन समापन शिविर के विषय में परिचर्चा की। रात्रि दस बजे लड़कों के दल के साथ श्री मयंक मोहन रहे तथा लड़कियों के दल के साथ डॉ0 सीमाराज जी रही। कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमर सिंह कश्यप तथा डॉ0 योगेन्द्र अपने–अपने दल के कुछ लड़कों के साथ सुरक्षा शिविर में रहे।

शिविर के अन्तिम तथा सातवें दिन सभी स्वयंसेवक प्रातः 5 बजे उठे तथा उन्होंने 6 बजे तक व्यायाम एवं योगा किया। नाश्ते के पश्चात् प्रातः 9 बजे सभी छात्र–छात्राओं ने ग्रामवासियों के सहयोग के लिये उन्हें धन्यवाद देने हेतु ग्राम का भ्रमण किया तथा ग्रामीण क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों से आग्रह किया कि वे दोपहर 2 बजे शिविर के समापन समारोह में आकर उसकी शोभा बढ़ाये। 11 बजे चारों इकाईयों के स्वयंसेवक कृष्णाकुंज में लगे शिविर में उपस्थित हो गये क्योंकि महाविद्यालय की चारों इकाईयों का समापन एक साथ होना सुनिश्चित हुआ था। यहां जो स्वयंसेवक सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग ले रहे थे वे अपनी रिहर्सल में लग गये बाकी ने दोपहर के भोजन की तैयारी की। 1.30 बजे तक सभी स्वयंसेवकों ने भोजन कर लिया। दोपहर 2 बजे प्राचार्य महोदय तथा श्री अरूण कुमार जी समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के अतिरिक्त शिविर के समापन समारोह में सहज योग से श्री लोकेश कुमार जी भी आये। अतिथियों के स्वागत के पश्चात् डॉ0 मयंक मोहन, डॉ0 सीमाराज, डॉ0 अमर सिंह कश्यप तथा श्री योगेन्द्र सक्सेना जी ने अपने–अपने शिविर की सात दिवसीय (दिन–रात) शिविर की आख्या प्रस्तुत की। तत्पश्चात् चारों इकाईयों के स्वयंसेवकों ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुती की इसमें नृत्य के अतिरिक्त नाटकों का भी प्रदर्शन हुआ। प्राचार्य महोदय ने पोस्टर प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका भी निभाई। चारों इकाईयों के 3–3 स्वयंसेवकों ने अपने अनुभवों को साझा किया। एक पुराने एन0एस0एस0 के विद्यार्थी ने अपनी स्वयं की लिखी कविता से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। अन्त में प्राचार्य महोदय ने सभी का आभार व्यक्त किया इस अवसर पर पत्रकार बन्धुओं ने भी उपस्थित होकर स्वयंसेवियों का उत्साह बढ़ाया। एन0एस0एस0 कार्यक्रम प्रभारी डॉ0 मयंक मोहन ने उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त किया तथा एक–दूसरे से विदाई ली। शिविर समापन के पश्चात् सभी कार्यक्रम अधिकारियों ने कुछ छात्रों के साथ मिलकर शिविर स्थल से एन0एस0एस0 का सामान वापस महाविद्यालय में पहुंचवाया।

Principal
Multanimal Modi College
Modinagar

(IV)

सात दिवसीय विशेष शिविर में स्वयंसेवकों द्वारा किये गये कार्य

	कार्य	
1	जल संरक्षण की जानकारी देना।	160
2	परिवार नियोजन के लाभ बताना	80
3	बीएलओ की मदद से वोटर आईडीकार्ड बनवाये	152
4	सरकारी योजनाओं से अवगत कराना।	62
5	वृक्षारोपण करना	25
6	सामाजिक कुरीतियों का विरोध करना	13
7	युवतियों को सिलाई, एवं बुनाई सिखाना	22
8	समाज के प्रति लिखित युवा वर्ग के दायित्व के कर्तव्य के बारे में अवगत कराना।	36
9	आपदा के समय बचाव सम्बन्धी जानकारी देना।	17
10	मकान/घरों के अन्दर और बाहर एवं आस –पास में सफाई सम्बन्धी जानकारी देना	52
11	राष्ट्रीय एकता एवं मतदान पर रैलियों के माध्यम से जानकारी देना	10
12	रक्तदान किया	37

डॉ० मयंक मोहन
कार्यक्रम अधिकारी
तृतीय इकाई

Principal
Multanimal Modi College
Modinagar

मुलतानीमल मोदी महाविद्यालय,मोदीनगर

राष्ट्रीय सेवा योजना–2018–2019

सात दिवसीय रात–दिन के विशेष शिविर के प्रथम दिन की आख्या

[illegible] सात दिवसीय शिविर का [illegible] 25.01.19 [illegible] **डॉ० मयंक मोहन** जी के नेतृत्व [illegible] । **इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ०** [illegible] **डॉ०** [illegible] **तथा विशिष्ट अतिथि डॉ० दीपक अग्रवाल** [illegible] **दैनिक समाचार पत्रों के सम्मानीय पत्रकार बन्धु** [illegible] उपस्थित थे। [illegible] **समस्याओं** [illegible] बौद्धिक कार्यक्रम [illegible] **निर्मल भारत** था। [illegible] बौद्धिक कार्यक्रम के पश्चात् [illegible] अपनी–अपनी टोली [illegible] महाविद्यालय की प्रथम इकाई [illegible] विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। [illegible] कार्यक्रम अधिकारी डॉ० [illegible]

Principal
Multanimal Modi College
Modinagar

(16)

शिविर के दूसरे दिन सभी स्वयंसेवक अपने कार्यक्रम अधिकारी **डॉ0 मयंक मोहन** के नेतृत्व में गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर ध्वजारोहण के लिये महाविद्यालय में रैली के रूप में पहुँच गये महाविद्यालय प्रांगण में ठीक 10 बजे प्राचार्य महोदय द्वारा ध्वजारोहण किया गया तथा सभी स्वयंसेवकों ने तिरंगे के प्रति अपना सम्मान प्रकट किया। दोपहर लगभग 12 बजे सभी स्वयंसेवक अपने कार्य-स्थल पर लौट आये तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक कुरीतियों की ओर ग्रामीणों का ध्यान का ध्यान आकर्षित करते हुए नुक्कड़ नाटक किये। बौद्धिक कार्यक्रम के अन्तर्गत आज की अतिथी श्रीमती मनीषा शिखर जी थी जो कि मोदीनगर क्षेत्र की एक सुप्रसिद्ध कवित्री भी हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को काव्य और गद्य की बारीकियों को बताते हुए उन्हें देश भक्ति के ऊपर कई कवितायें सुनाई तथा इस प्रकार के आयोजनों में प्रतिभाग करने के लिये प्रेरित किया। सांय 4 बजे बौद्धिक कार्यक्रम के पश्चात् सभी स्वयंसेवकों ने मिलकर शिविर स्थल की साफ-सफाई की। सांय 5 बजे स्वयंसेवक अपनी-अपनी टोली के साथ आस-पास के क्षेत्रों में भ्रमण हेतु निकल गये। कुछ स्वयंसेवकों ने वहीं क्रिकेट खेलकर अपना मनोरंजन किया इस खेल में उनके साथ स्थानीय बच्चे भी लग गये जिसके कारण स्थानीय निवासियों के साथ हमारे शिविर के साथ पारिवारिक माहौल बन गया। सायं 6 बजे के लगभग चारों इकाईयों के स्वयंसेवक पुनः कृष्णाकुंज स्थित शिविर स्थल पर एकत्रित हो गये। स्वयंसेवकों ने रात्रि भोजन की तैयारी प्रारम्भ कर दी जिसमें आज के दिन महाविद्यालय की द्वितीय इकाई ने भोजन बनाने का कार्यभार ग्रहण किया जिसमें उन्होंने अपनी कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 सीमाराज की मदद ली। भोजन का कार्य लगभग रात्रि 8 बजे समाप्त हो गया जिसके पश्चात् कैम्प फॉयर लगाया गया स्वयंसेवकों ने विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुती दी साथ ही स्थानीय लोगों ने रागनी प्रस्तुत की जिससे कैम्प का वातावरण संगीतमय हो गया। रात्रि दस बजे लड़कों के दल के साथ डॉ0 मयंक मोहन रहे तथा लड़कियों के दल के साथ डॉ0 गीतांजली जी (डॉ0 सीमाराज जी के अस्वस्थ होने के कारण) रहीं। कार्यक्रम अधिकारी श्री योगेन्द्र तथा डॉ0 अमर सिंह कश्यप अपने-अपने दल के कुछ लड़कों के साथ सुरक्षा शिविर में विश्राम किया।

शिविर के तीसरे प्रातः 6 बजे स्वयंसेवकों ने योग किया तथा जलपान के पश्चात् कार्यक्रम अधिकारी **डॉ0 मयंक मोहन** के नेतृत्व में ग्राम की मलिन बस्तियों में सफाई अभियान चलाया तथा कई क्षेत्रों की साफ-सफाई करते हुए ग्रामीणों को स्वच्छता के लाभों से अवगत कराया इसके साथ ही पूर्व सत्र 2017-18 में किये गये अपने द्वारा किये गये कार्यों की समीक्षा भी की। यहां यह देखकर अच्छा लगा जिन क्षेत्रों में सत्र 2017-18 में हमारे स्वयंसेवकों ने सफाई अभियान चलाया था तथा लोगों को सफाई के प्रति जागरूक किया था वहां इस वर्ष काफी साफ-सफाई देखने को मिली। यहां यह बात ध्यान देने योग्य है कि पूर्व सत्र 2017-18 में हमारे महाविद्यालय की छात्राओं ने जो भी बातें ग्रामीण महिलाओं

Principal
Multanimal Modi C
Modinagar

को समझाई थी वे उनका पालन करने में तत्पर रही। आज बौद्धिक कार्यक्रम के अन्तर्गत आज का **विषय नोटबन्दी के भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रभाव** था। जिसमें हमारे अतिथि श्री सुमन चौधरी जी रहे। जिन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था पर नोटबन्दी के सकारात्मक एवं नकारात्मक दोनों ही पक्षों को अत्यन्त सरल भाषा में रखा। सांय 4 बजे बौद्धिक कार्यक्रम के पश्चात् सभी स्वयंसेवकों ने मिलकर शिविर स्थल की साफ–सफाई की। सांय 5 बजे स्वयंसेवक अपनी–अपनी टोली के साथ आस–पास के क्षेत्रों में भ्रमण हेतु निकल गये। कुछ स्वयंसेवकों ने वहीं क्रिकेट खेलकर अपना मनोरंजन किया इस खेल में उनके साथ स्थानीय बच्चे भी लग गये जिसके कारण स्थानीय निवासियों के साथ हमारे शिविर के साथ पारिवारिक माहौल बन गया। सांय 6 बजे के लगभग सारी इकाईयों के स्वयंसेवक पुनः कृष्णाकुंज स्थित शिविर स्थल पर एकत्रित हो गये। स्वयंसेवकों ने रात्रि भोजन की तैयारी प्रारम्भ कर दी जिसमें आज के दिन महाविद्यालय की तृतीय इकाई ने भोजन बनाने का कार्यभार ग्रहण किया जिसमें उन्होंने अपनी कार्यक्रम अधिकारी डॉ० मीनाक्षी जी की मदद ली। भोजन का कार्य लगभग रात्रि 8 बजे समाप्त हो गया जिसके पश्चात् कैम्प फायर लगाया गया स्वयंसेवकों ने विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुती दी साथ ही स्थानीय लोगों ने समनी प्रस्तुत की जिससे कैम्प का वातावरण संगीतमय हो गया। रात्रि दस बजे लड़कों के दल के साथ डॉ० मयंक मोहन रहे तथा लड़कियों के दल के साथ डॉ० मीनाक्षी जी रही। कार्यक्रम अधिकारी श्री योगेन्द्र तथा डॉ० अमर सिंह कश्यप अपने–अपने दल के कुछ लड़कों के साथ सुरक्षा शिविर में सोये।

शिविर के चौथे दिन छात्र –छात्राओं ने कार्यक्रम अधिकारी **डॉ० मयंक मोहन** के नेतृत्व ग्राम की दीवारों पर हाथ से बने बैनरों के माध्यम से सामाजिक विकास एवं उत्थान के लिये आकर्षक नारे लिखे तथा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशा, दहेज, अशिक्षा, अंधविश्वास इत्यादि सामाजिक बुराईयों की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित किया । आज के दिन हमारे शिविर के 52 स्वयंसेवकों ने सरकारी अधिकारियों के माध्यम से पल्स पोलियो अभियान के अन्तर्गत बच्चों को दवाई पिलायी। इसके साथ ही आज सरकारी आदेशानुसार सभी बी०एल०ओ० की ड्यूटी ग्रामीण क्षेत्रों में लगायी गयी थी जिसमें उन्हें लोगों की वोटर आई डी बनाने की प्रक्रिया पूरी करनी थी हमारे स्वयंसेवकों ने बी०एल०ओ० की मदद हेतु घर–घर जाकर लोगों को बताया कि आज उनकी वोटर आई० डी० कार्ड बन रहा है। जिसकी वजह से अनेकों ग्रामीण अपने–अपने वोटर आई० डी० कार्ड बनवाने में सफल रहे। इसके अतिरिक्त छात्राओं ने विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में वृक्षारोपण किया तथा कृषि कार्यों से सम्बन्धित तकनीकी ज्ञान की जानकारी ग्रामीणों को दी। समाज सेवी संस्था के कार्यकर्ता श्री भानुप्रताप जी ने स्वयंसेवकों के उक्त कार्य की प्रशंसा की। उनके इन प्रयासों का ग्रामीणों द्वारा खुले हृदय से स्वागत किया गया। आज प्राचार्य महोदय ने शिविर का औचक निरीक्षण किया तथा शिविर के अच्छे संचालन के लिये कार्यक्रम

Principal
Multanimal Modi College
Modinagar

अधिकारी को बधाई देते हुए स्वयंसेवकों की उनके अच्छे कार्य के लिये प्रशंसा की। बौद्धिक कार्यक्रम के अन्तर्गत आज का विषय था **सहज योग आज का महायोग** जिसमें आज के हमारे अतिथि श्री लोकेश जी तथा श्रीमति नीतू थे। श्री लोकेश जी सहज योग के अन्तर्गत शरीर में सात चक्रों की व्याख्या की तथा इसे विज्ञान से जोड़ते हुए इसके महत्व पर प्रकाश डाला। चूंकि आज का बौद्धिक कार्यक्रम सम्पेत रूप से सुष्माकुरा शिविर स्थल पर ही बनाया गया था इसलिये आज सांय चार बजे कोई भी स्वयंसेवक भ्रमण के लिये नहीं गया तथा सभी ने अपनी–अपनी टोली बनाकर विभिन्न खेल खेले। सांय 6 बजे स्वयंसेवकों ने रात्रि भोजन की तैयारी प्रारम्भ कर दी जिसमें आज के दिन महाविद्यालय की चतुर्थ इकाई ने भोजन बनाने का कार्यभार ग्रहण किया जिसमें उन्होंने अपने कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 योगेन्द्र जी की मदद ली। भोजन का का कार्य लगभग रात्रि 8 बजे सम्पन्न हो गया जिसके पश्चात् कैम्प फॉयर लगाया गया स्वयंसेवकों विभिन्न विषयों में लघु नाटिकाओं का प्रदर्शन किया। रात्रि दस बजे लड़कों के दल के साथ श्री मयंक मोहन जी तथा लड़कियों के दल के साथ डॉ0 सीमाराज जी रहीं। कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमर सिंह कश्यप तथा डॉ0 योगेन्द्र अपने–अपने दल के कुछ लड़कों के साथ सुरक्षा शिविर में सोये।

शिविर के चौथे दिन छात्र –छात्राओं ने कार्यक्रम अधिकारी डॉ० मयंक मोहन के नेतृत्व में विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में वृक्षारोपण किया तथा कृषि कार्यों से सम्बन्धित तकनीकी ज्ञान की जानकारी ग्रामीणों को दी। इस वर्ष इस क्षेत्र में फसलों में कीड़ा लगने की समस्या पहले से कम देखने को मिली। लेकिन हमारे स्वयंसेवकों ने कृषि विभाग के अधिकारियों से सम्पर्क करके उन्हें अपने शिविर में आमंत्रित किया तथा ग्रामीणों की कृषि से संबंधित विभिन्न समस्याओं के निराकरण का प्रयास किया। इसके अतिरिक्त छात्राओं ने ग्रामीण महिलाओं एवं बच्चों की उन समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया जो कि अशिक्षा, अज्ञानता एवं रूढ़िवादिता के कारण उनके बीच में उत्पन्न हो रही थी। समाज सेवी संस्था की कार्यकर्ता श्रीमति मालिनी जी ने छात्राओं के उक्त कार्य की प्रशंसा की तथा स्वयं काफी समय तक उन छात्राओं के साथ ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण किया। उनके इन प्रयासों का ग्रामीणों द्वारा खुले हृदय से स्वागत किया गया। आज प्राचार्य महोदय ने शिविर का औचक निरीक्षण किया तथा शिविर के अच्छे संचालन के लिये कार्यक्रम अधिकारी को बधाई देते हुए स्वयंसेवकों की उनके अच्छे कार्य के लिये प्रशंसा की। बौद्धिक कार्यक्रम के अन्तर्गत आज का विषय था **सहज योग आज का महायोग** जिसमें आज के हमारे अतिथि श्री लोकेश जी तथा श्रीमति नीतू थे। आज इस बौद्धिक कार्यक्रम सत्र को चारों इकाईयों ने समवेत रूप में एक ही स्थान पर एकत्रित होकर प्रारम्भ किया। श्री लोकेश जी सहज योग के अन्तर्गत शरीर में सात चक्रों की व्याख्या की तथा इसे विज्ञान से जोड़ते हुए इसके महत्व पर प्रकाश डाला। चूंकि आज का बौद्धिक आयोजन समवेत रूप से कृष्णाकुंज शिविर स्थल पर ही बनाया गया था इसलिये आज सांय चार बजे कोई भी स्वयंसेवक भ्रमण के लिये नहीं गया तथा सभी ने अपनी–अपनी टोली बनाकर विभिन्न खेल खेले जिसमें छात्राओं द्वारा खो–खो तथा छात्रों द्वारा कबड्डी तथा दौड़ का खेल उल्लेखनीय रहे। सांय 6 बजे स्वयंसेवकों ने रात्रि भोजन की तैयारी प्रारम्भ कर दी जिसमें आज के दिन महाविद्यालय की चतुर्थ इकाई ने भोजन बनाने का कार्यभार ग्रहण किया जिसमें उन्होंने अपने कार्यक्रम अधिकारी डॉ० योगेन्द्र जी की मदद ली। भोजन का यह कार्य लगभग रात्रि 8 बजे समाप्त हो गया जिसके पश्चात् कैम्प फायर लगाया गया स्वयंसेवकों विभिन्न विषयों में लघु नाटिकाओं का प्रदर्शन किया। रात्रि दस बजे लड़कों के दल के साथ श्री मयंक मोहन रहे तथा लड़कियों के दल के साथ डॉ० सीमाराजा जी रहीं। कार्यक्रम अधिकारी डॉ० अमर सिंह कश्यप तथा डॉ० योगेन्द्र अपने–अपने दल के कुछ लड़कों के साथ खुला शिविर में सोये। आज रात्रि कुछ असामाजिक तत्वों ने कुछ उत्पात मचाने की कोशिश की लेकिन चारों

Principal
Multanimal Modi College
Modinagar

कार्यक्रम अधिकारियों की तत्परता, स्थानीय लोगों का सहयोग तथा स्वयंसेवकों की समझदारी से कोई भी अप्रिय घटना घटित नहीं हुई।

शिविर के पांचवे दिन प्रातः 5 बजे सभी स्वयंसेवक जाग गये तथा छात्रों ने डॉ0 मयंक मोहन एवं डॉ0 अमर सिंह कश्यप के साथ व्यायाम किया तथा छात्राओं ने डॉ0 सीमाराज एवं श्री भूपेन्द्र जी के साथ योगाभ्यास किया। नाश्ते के पश्चात् 9 बजे सहजयोग के लिये श्री लोकेश कुमार जी ने स्वयंसेवकों को प्रेरित किया तथा संगीत के सात स्वरों के आधार पर कुण्डली जागृत करने का अभ्यास कराया। 11 बजे सभी स्वयंसेवक अपने-अपने कार्यक्रम अधिकारियों के साथ ग्राम सीकरी गये तथा वहां के ऐतिहासिक शिव मंदिर का भ्रमण किया तत्पश्चात् चारों इकाई अपने-अपने कार्यक्रम अधिकारियों साथ विभक्त हो गई तथा सीकरी ग्राम की विभिन्न दलित मौहल्लों में सामाजिक कुरीतियों और विभिन्न विकास से संबंधित बातों के ज्ञान के प्रसार के लिये निकल गयी। यहां सभी एन0एस0एस0 अधिकारियों ने सभी इकाईयों के स्वयंसेवकों को एक-एक प्रश्नावली दी तथा बताया कि इस प्रश्नावली के माध्यम से ही उनके कार्य का आकलन किया जायेगा। दोपहर 2 बजे तक सभी स्वयंसेवक अपने शिविर स्थल पर लौट आये तथा उन्होंने भोजन किया। यहां उल्लेखनीय है कि दोपहर भोजन के प्रबन्ध के लिये चारों इकाईयों के 5-5 स्वयंसेवक शिविर स्थल पर ही रूके थे जिन्होंने पूर्ण कुशलता के साथ अपने कार्य को पूरा किया। बौद्धिक कार्य के अन्तर्गत सांय 4 बजे श्री प्रभात शर्मा जी, स्पेशल क्राइम ब्रांच अधिकारी, दिल्ली हमारे मध्य मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए तथा उन्होंने अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभव हमारे साथ साझा करते हुए स्वयंसेवकों को इस विषय के बारे में जानकारी दी कि यदि उन्हें पुलिस विभाग में सेवायें देने की इच्छा है तो वे किस प्रकार तैयारी कर सकते हैं स्वयंसेवकों ने पूर्ण मनोयोग से उनके साथ वार्तालाप किया। आज सभी स्वयंसेवक अपने-अपने व्यक्तिगत साधनों से उस क्षेत्र के गरीब विद्यार्थियों के लिये कुछ पाठ्य सामग्री लाये थे जो कि उन्होंने संस्कार एकेडमी के संचालक महोदय को सौंप दी। सांय 4 बजे बौद्धिक कार्यक्रम के पश्चात् सभी स्वयंसेवकों ने मिलकर शिविर स्थल तथा उसके आस-पास के क्षेत्रों की साफ-सफाई की। सांय 5 बजे सभी स्वयंसेवक अपनी-अपनी टोली के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारी की। सांय 6 बजे के लगभग स्वयंसेवकों ने रात्रि भोजन की तैयारी प्रारम्भ कर दी जिसमें आज के दिन महाविद्यालय की प्रथम एवं द्वितीय इकाईयों ने भोजन

Principal
Multanimal Modi College
Modinagar

बनाने का कार्यभार ग्रहण किया जिसमें उन्होंने अपने कार्यक्रम अधिकारी डॉ० अमर सिंह कश्यप तथा डॉ० सीमाराज की मदद की। भोजन का कार्य लगभग रात्रि 8 बजे समाप्त हो गया जिसके पश्चात् कैम्प फॉयर लगाया गया स्वयंसेवकों अंताक्षरी का आयोजन किया जिसमें लड़कियों की टोली विजयी रही। इसी मध्य श्री योगेन्द्र जी ने सामान्य ज्ञान के कुछ रोचक प्रश्न स्वयंसेवकों से पूछे। रात्रि दस बजे लड़कों के दल के साथ श्री मयंक मोहन रहे तथा लड़कियों के दल के साथ डॉ० सीमाराज जी रहीं। कार्यक्रम अधिकारी डॉ० अमर सिंह कश्यप तथा डॉ० योगेन्द्र अपने-अपने दल के कुछ लड़कों के साथ सुरक्षा शिविर में रहे।

शिविर के छठे दिन सभी स्वयंसेवकों ने अपने कार्यक्रम अधिकारी डॉ० मयंक मोहन के साथ ग्राम भूपेन्द्रपुरी में अपने द्वारा किये गये कार्यों का अवलोकन किया तथा साथ ही ग्रामीणों की सहायता से वृक्षारोपण का भी कार्य किया। गत वर्ष जो वृक्षारोपण स्वयंसेवकों द्वारा किया गया था ग्रामीणों की अच्छी देख-रेख के कारण वे काफी विकसित हो चुके थे। दोपहर 11 बजे नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दहेज विरोधी, लड़का, लड़की में भेदभाव, जुआखोरी एवं नशाखोरी से संबंधित समस्याओं की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित किया गया। ग्राम प्रधान श्री रमेश जी द्वारा वहाँ के स्थानीय निवासियों की समस्याओं का निराकरण करने का आश्वासन दिया गया। आज शिविर स्थल पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन भी हुआ जिसमें स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बौद्धिक कार्यक्रम की गोष्ठी का आज का विषय **रक्त दान, महादान** था। जिसमें रोटरी क्लब के सदस्य अपनी वैन लेकर आये तथा उन्होंने स्वयंसेवकों को रक्त दान करने से होने वाली भ्रांतियों को स्वयंसेवकों के मन से दूर किया तथा उसके सामाजिक लाभों से अवगत कराया। उनसे प्रेरणा पाकर कार्यक्रम अधिकारी डॉ० मयंक मोहन सहित 37 स्वयंसेवकों ने रक्त दान किया जिसके उपरान्त रोटरी क्लब वालों ने उन सभी स्वयंसेवकों को प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराये जिसके माध्यम से आवश्यकता पड़ने पर वे एक यूनिट रक्त कभी भी उस संस्था से ले सकते हैं। सांय 4 बजे बौद्धिक कार्यक्रम के पश्चात् सभी स्वयंसेवकों ने मिलकर शिविर स्थल तथा उसके आस-पास के क्षेत्रों की साफ-सफाई की। सांय 5 बजे सभी स्वयंसेवक अपनी-अपनी टोली के साथ विभिन्न प्रकार की क्रियाओं में व्यस्त हो गये। सांय 6 बजे के लगभग स्वयंसेवकों ने रात्रि भोजन की तैयारी प्रारम्भ कर दी जिसमें आज के दिन महाविद्यालय की तृतीय एवं चतुर्थ इकाइयों ने भोजन बनाने का कार्यभार ग्रहण किया जिसमें उन्होंने अपने कार्यक्रम अधिकारी डॉ० मयंक मोहन तथा श्री योगेन्द्र की मदद की। भोजन का कार्य लगभग रात्रि 8 बजे समाप्त हो गया जिसके पश्चात्

Principal
Multanimal Modi College
Modinagar

कैम्प फॉयर लगाया गया जिसमें सभी स्वयंसेवकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कुछ समय के लिये अपने चारों कार्यक्रम अधिकारियों के साथ सभी इकाईयों के स्वयंसेवकों ने अगले दिन समापन शिविर के विषय में परिचर्चा की। रात्रि दस बजे लड़कों के दल के साथ श्री मयंक मोहन रहे तथा लड़कियों के दल के साथ डॉ० सीमाराज जी रहीं। कार्यक्रम अधिकारी डॉ० अमर सिंह कश्यप तथा डॉ० योगेन्द्र अपने–अपने दल के कुछ लड़कों के साथ सुरक्षा शिविर में रहे।

शिविर के अन्तिम तथा सातवें दिन सभी स्वयंसेवक प्रातः 5 बजे उठे तथा उन्होंने 6 बजे तक व्यायाम एवं योगा किया। नाश्ते के पश्चात् प्रातः 9 बजे सभी छात्र –छात्राओं ने ग्रामवासियों के सहयोग के लिये उन्हें धन्यवाद देने हेतु ग्राम का भ्रमण किया तथा ग्रामीण क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों से आग्रह किया कि वे दोपहर 2 बजे शिविर के समापन समारोह में आकर उसकी शोभा बढ़ायें। 11 बजे चारों इकाईयों के स्वयंसेवक कृष्णाकुंज में लगे शिविर में उपस्थित हो गये क्योंकि महाविद्यालय की चारों इकाईयों का समापन एक साथ होना सुनिश्चित हुआ था। यहां जो स्वयंसेवक सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग ले रहे थे वे अपनी रिहर्सल में लग गये बाकी ने दोपहर के भोजन की तैयारी की। 1.30 बजे तक सभी स्वयंसेवकों ने भोजन कर लिया। दोपहर 2 बजे प्राचार्य महोदय तथा श्री अरूण कुमार जी समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के अतिरिक्त शिविर के समापन समारोह में सहज योग से श्री लोकेश कुमार जी भी आये। अतिथियों के स्वागत के पश्चात् डॉ० मयंक मोहन, डॉ० सीमाराज, डॉ० अमर सिंह कश्यप तथा श्री योगेन्द्र सक्सेना जी ने अपने–अपने शिविर की सात दिवसीय (दिन–रात) शिविर की आख्या प्रस्तुत की। तत्पश्चात् चारों इकाईयों के स्वयंसेवकों ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुती की इसमें नृत्य के अतिरिक्त नाटकों का भी प्रदर्शन हुआ। प्राचार्य महोदय ने पोस्टर प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका भी निभाई। चारों इकाईयों के 3–3 स्वयंसेवकों ने अपने अनुभवों को साझा किया। एक पुराने एन०एस०एस० के विद्यार्थी ने अपनी स्वयं की लिखी कविता से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। अन्त में प्राचार्य महोदय ने सभी का आभार व्यक्त किया इस अवसर पर पत्रकार बन्धुओं ने भी उपस्थित होकर स्वयंसेवियों का उत्साह बढ़ाया। एन०एस०एस० कार्यक्रम प्रभारी डॉ मयंक मोहन ने उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त किया तथा एक–दूसरे से विदाई ली। शिविर समापन के पश्चात् सभी कार्यक्रम अधिकारियों ने कुछ छात्रों के साथ मिलकर शिविर स्थल से एन०एस०एस० का सामान वापस महाविद्यालय में पहुंचवाया।

Principal
Multanimal Modi College
Modinagar

(IV)

सात दिवसीय विशेष शिविर में स्वयंसेवकों द्वारा किये गये कार्य

	कार्य	
1	जल संरक्षण की जानकारी देना।	160
2	परिवार नियोजन के लाभ बताना	80
3	बीएलओ की मदद से वोटर आईडीकार्ड बनवाये	152
4	सरकारी योजनाओं से अवगत कराना।	62
5	वृक्षारोपण करना	25
6	सामाजिक कुरीतियों का विरोध करना	13
7	युवतियों को सिलाई, एवं बुनाई सिखाना	22
8	समाज के प्रति लिखित युवा वर्ग के दायित्व के कर्तव्य के बारे में अवगत कराना।	36
9	आपदा के समय बचाव सम्बन्धी जानकारी देना।	17
10	मकान/घरों के अन्दर और बाहर एवं आस –पास में सफाई सम्बन्धी जानकारी देना	52
11	राष्ट्रीय एकता एवं मतदान पर रैलियों के माध्यम से जानकारी देना	10
12	रक्तदान किया	37

डॉ० मयंक मोहन
कार्यक्रम अधिकारी
तृतीय इकाई

Principal
Multanimal Modi College
Modinagar

(15)

मुलतानीमल मोदी महाविद्यालय,मोदीनगर

राष्ट्रीय सेवा योजना–2018–2019

सात दिवसीय रात–दिन के विशेष शिविर के प्रथम दिन की आख्या

हमारे महाविद्यालय में सत्र 2018–19 में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइयों के सात दिवसीय शिविर का दिनांक 25.01.19 को प्रातः 9 बजे ग्राम [illegible], पुरा, मोदीनगर में कार्यक्रम अधिकारी **डॉ० मयंक मोहन** जी के नेतृत्व में। **इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ०** [illegible], **डॉ०** [illegible] **तथा विशिष्ट अतिथि डॉ० दीपक अग्रवाल** शिविर के उद्घाटन के समय [illegible] की उपस्थिति थी। **दैनिक समाचार पत्रों के सम्माननीय पत्रकार बन्धु** सम्माननीय व्यक्ति भी उपस्थित थे। प्रातः 10 बजे उद्घाटन कार्यक्रम के पश्चात् स्वयं सेवकों [illegible] जागरूकता निकाली तथा पूर्णतः उचित तरीके से मतदान करने की अपील की। तत्पश्चात् स्वयं सेवकों ने चयनित ग्राम का भ्रमण तथा ग्रामीणों और अपने मध्य एक अच्छा समन्वय स्थापित करते हुए ग्रामीण जीवन की समस्याओं को जाना तथा अपने उन समस्याओं के समाधान के लिये विचार मंथन भी किया। दोपहर भोजन के पश्चात् बौद्धिक कार्यक्रम में भी [illegible] स्वयं सेवकों के साथ स्वच्छ भारत की कल्पना को साकार किया। बौद्धिक कार्यक्रम की आज की गोष्ठी का विषय था **निर्मल भारत** था। जिसमें स्वच्छ भारत जैसे विषय को लेकर नई–नई परिभाषाएं सामने आयी इसमें आमंत्रित अतिथियों ने बहुत ही सारगर्भित तरीके से अपनी बातों को रखा। सायं 4 बजे बौद्धिक कार्यक्रम के पश्चात् सभी स्वयं सेवकों ने मिलकर अपने शिविर स्थल की साफ–सफाई की। सायं 5 बजे सभी स्वयंसेवक अपनी–अपनी टोली के साथ ग्राम क्षेत्रों में भ्रमण हेतु निकल गये। सायं 6 बजे के उपरान्त चारों इकाईयों के स्वयंसेवक [illegible] शिविर [illegible]

Principal
Multanimal Modi College
Modinagar

शिविर के दूसरे दिन सभी स्वयंसेवक अपने कार्यक्रम अधिकारी **डॉ० मयंक मोहन** के नेतृत्व में गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर ध्वजारोहण के लिये महाविद्यालय में रैली के रूप में पहुँच गये महाविद्यालय प्रांगण में ठीक 10 बजे प्राचार्य महोदय द्वारा ध्वजारोहण किया गया तथा सभी स्वयंसेवकों ने तिरंगे के प्रति अपना सम्मान प्रकट किया। दोपहर लगभग 12 बजे सभी स्वयंसेवक अपने कार्य-स्थल पर लौट आये तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक कुरीतियों की ओर ग्रामीणों का ध्यान का ध्यान आकर्षित करते हुए नुक्कड़ नाटक किये। बौद्धिक कार्यक्रम के अन्तर्गत आज की अतिथी श्रीमती मनीषा शिखर जी थी जो कि मोदीनगर क्षेत्र की एक सुप्रसिद्ध कवियत्री भी हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को काव्य और गद्य की बारीकियों को बताते हुए उन्हें देश भक्ति के ऊपर कई कवितायें सुनाई तथा इस प्रकार के आयोजनों में प्रतिभाग करने के लिये प्रेरित किया। सांय 4 बजे बौद्धिक कार्यक्रम के पश्चात् सभी स्वयंसेवकों ने मिलकर शिविर स्थल की साफ-सफाई की। सांय 5 बजे स्वयंसेवक अपनी-अपनी टोली के साथ आस-पास के क्षेत्रों में भ्रमण हेतु निकल गये। कुछ स्वयंसेवकों ने वहीं क्रिकेट खेलकर अपना मनोरंजन किया इस खेल में उनके साथ स्थानीय बच्चे भी लग गये जिसके कारण स्थानीय निवासियों के साथ हमारे शिविर के साथ पारिवारिक माहौल बन गया। सायं 6 बजे के लगभग चारों इकाईयों के स्वयंसेवक पुनः कृष्णकुंज स्थित शिविर स्थल पर एकत्रित हो गये। स्वयंसेवकों ने रात्रि भोजन की तैयारी प्रारम्भ कर दी जिसमें आज के दिन महाविद्यालय की द्वितीय इकाई ने भोजन बनाने का कार्यभार ग्रहण किया जिसमें उन्होंने अपनी कार्यक्रम अधिकारी डॉ० सीमाराज की मदद ली। भोजन का कार्य लगभग रात्रि 8 बजे सम्पन्न हो गया जिसके पश्चात् कैम्प फॉयर लगाया गया स्वयंसेवकों ने विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुती दी साथ ही स्थानीय लोगों ने रागनी प्रस्तुत की जिससे कैम्प का वातावरण संगीतमय हो गया। रात्रि दस बजे लड़कों के दल के साथ डॉ० मयंक मोहन रहे तथा लड़कियों के दल के साथ डॉ० गीतांजली जी (डॉ० सीमाराज जी के अस्वस्थ होने के कारण) रही। कार्यक्रम अधिकारी श्री योगेन्द्र तथा डॉ० अमर सिंह कश्यप अपने-अपने दल के कुछ लड़कों के साथ सुरक्षा शिविर में विश्राम किया।

शिविर के तीसरे प्रातः 6 बजे स्वयंसेवकों ने योग किया तथा जलपान के पश्चात् कार्यक्रम अधिकारी **डॉ० मयंक मोहन** के नेतृत्व में ग्राम की मलिन बस्तियों में सफाई अभियान चलाया तथा कई क्षेत्रों की साफ-सफाई करते हुए ग्रामीणों को स्वच्छता के लाभों से अवगत कराया इसके साथ ही पूर्व सत्र 2017-18 में किये गये अपने द्वारा किये गये कार्यों की समीक्षा भी की। यहां यह देखकर अच्छा लगा जिन क्षेत्रों में सत्र 2017-18 में हमारे स्वयंसेवकों ने सफाई अभियान चलाया था तथा लोगों को सफाई के प्रति जागरूक किया था वहां इस वर्ष काफी साफ-सफाई देखने को मिली। यहां यह बात ध्यान देने योग्य है कि पूर्व सत्र 2017-18 में हमारे महाविद्यालय की छात्राओं ने जो भी बातें ग्रामीण महिलाओं

Principal
Multanimal Modi C
Modinagar

को समझाई थी वे उनका पालन करने में तत्पर रही। आज बौद्धिक कार्यक्रम के अन्तर्गत आज का विषय **नोटबन्दी के भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रभाव** था। जिसमें हमारे अतिथि श्री सुमन चौधरी जी रहे। जिन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था पर नोटबन्दी के सकारात्मक एवं नकारात्मक दोनों ही पक्षों को अत्यन्त सरल भाषा में रखा। सायं 4 बजे बौद्धिक कार्यक्रम के पश्चात् सभी स्वयंसेवकों ने मिलकर शिविर स्थल की साफ–सफाई की। सायं 5 बजे स्वयंसेवक अपनी–अपनी टोली के साथ आस–पास के क्षेत्रों में भ्रमण हेतु निकल गये। कुछ स्वयंसेवकों ने वहीं क्रिकेट खेलकर अपना मनोरंजन किया इस खेल में उनके साथ स्थानीय बच्चे भी लग गये जिसके कारण स्थानीय निवासियों के साथ हमारे शिविर के साथ पारिवारिक माहौल बन गया। सायं 6 बजे के लगभग सारी इकाईयों के स्वयंसेवक पुनः कृष्णाकुंज स्थित शिविर स्थल पर एकत्रित हो गये। स्वयंसेवकों ने रात्रि भोजन की तैयारी प्रारम्भ कर दी जिसमें आज के दिन महाविद्यालय की तृतीय इकाई ने भोजन बनाने का कार्यभार ग्रहण किया जिसमें उन्होंने अपनी कार्यक्रम अधिकारी डॉ० गोस्वामी जी की मदद ली। भोजन का कार्य लगभग रात्रि 8 बजे समाप्त हो गया जिसके पश्चात् कैम्प फायर लगाया गया स्वयंसेवकों ने विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुती दी साथ ही स्थानीय लोगों ने रागनी प्रस्तुत की जिससे कैम्प का वातावरण संगीतमय हो गया। रात्रि दस बजे लड़कों के दल के साथ डॉ० मयंक मोहन रहे तथा लड़कियों के दल के साथ डॉ० गोस्वामी जी रही। कार्यक्रम अधिकारी श्री योगेन्द्र तथा डॉ० अमर सिंह कश्यप अपने–अपने दल के कुछ लड़कों के साथ सुरक्षा शिविर में सोये।

शिविर के चौथे दिन छात्र –छात्राओं ने कार्यक्रम अधिकारी **डॉ० मयंक मोहन** के नेतृत्व ग्राम की दीवारों पर हाथ से बने बैनरों के माध्यम से सामाजिक विकास एवं उत्थान के लिये आकर्षक नारे लिखे तथा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशा, दहेज, अशिक्षा, अंधविश्वास इत्यादि सामाजिक बुराईयों की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित किया । आज के दिन हमारे शिविर के 52 स्वयंसेवकों ने सरकारी अधिकारियों के माध्यम से पल्स पोलियो अभियान के अन्तर्गत बच्चों को दवाई पिलायी। इसके साथ ही आज सरकारी आदेशानुसार सभी बी०एल०ओ० की ड्यूटी ग्रामीण क्षेत्रों में लगायी गयी थी जिसमें उन्हें लोगों की वोटर आई डी बनाने की प्रक्रिया पूरी करनी थी हमारे स्वयंसेवकों ने बी०एल०ओ० की मदद हेतु घर–घर जाकर लोगों को बताया कि आज उनकी वोटर आई० डी० कार्ड बन रहा है। जिसकी वजह से अनेकों ग्रामीण अपने–अपने वोटर आई० डी० कार्ड बनवाने में सफल रहे। इसके अतिरिक्त छात्राओं ने विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में वृक्षारोपण किया तथा कृषि कार्यों से सम्बन्धित तकनीकी ज्ञान की जानकारी ग्रामीणों को दी। समाज सेवी संस्था के कार्यकर्ता श्री भानुप्रताप जी ने स्वयंसेवकों के उक्त कार्य की प्रशंसा की। उनके इन प्रयासों का ग्रामीणों द्वारा खुले हृदय से स्वागत किया गया। आज प्राचार्य महोदय ने शिविर का औचक निरीक्षण किया तथा शिविर के अच्छे संचालन के लिये कार्यक्रम

Principal
Mahendra Modi College
Modinagar

अधिकारी को बधाई देते हुए स्वयंसेवकों की उनके अच्छे कार्यों के लिये प्रशंसा की। बौद्धिक कार्यक्रम के अन्तर्गत आज का विषय था **सहज योग आज का महायोग** जिसमें आज के हमारे अतिथि श्री लोकेश जी तथा श्रीमति नीतू थे। श्री लोकेश जी सहज योग के अन्तर्गत शरीर में सात चक्रों की व्याख्या की तथा इसे विज्ञान से जोड़ते हुए इसके महत्व पर प्रकाश डाला। चूंकि आज का बौद्धिक कार्यक्रम [illegible] शिविर स्थल पर ही बनाया गया था इसलिये आज सांय चार बजे कोई भी स्वयंसेवक भ्रमण के लिये नहीं गया तथा सभी ने अपनी-अपनी टोली बनाकर विभिन्न खेल खेले। सांय 6 बजे स्वयंसेवकों ने रात्रि भोजन की तैयारी प्रारम्भ कर दी जिसमें आज के दिन महाविद्यालय की चतुर्थ इकाई ने भोजन बनाने का कार्यभार ग्रहण किया जिसमें उन्होंने अपने कार्यक्रम अधिकारी डॉ० योगेन्द्र जी की मदद ली। भोजन का का कार्य लगभग रात्रि 8 बजे सम्पन्न हो गया जिसके पश्चात् कैम्प फॉयर लगाया गया स्वयंसेवकों विभिन्न विषयों में लघु नाटिकाओं का प्रदर्शन किया। रात्रि दस बजे लड़कों के दल के साथ श्री मयंक मोहन जी तथा लड़कियों के दल के साथ डॉ० सीमाराज जी रहीं। कार्यक्रम अधिकारी डॉ० अमर सिंह कश्यप तथा डॉ० योगेन्द्र अपने-अपने दल के कुछ लड़कों के साथ सुरक्षा शिविर में सोये।

शिविर के पांचवें दिन प्रातः 5 बजे सभी स्वयंसेवक जाग गये तथा छात्रों ने डॉ० मयंक मोहन एवं डॉ० अमर सिंह कश्यप के साथ व्यायाम किया तथा छात्राओं ने डॉ० सीमाराज एवं श्री योगेन्द्र जी के साथ योगाभ्यास किया। नाश्ते के पश्चात् 9 बजे सहजयोग के लिये श्री लोकेश कुमार जी ने स्वयंसेवकों को प्रेरित किया तथा संगीत के सात स्वरों के आधार पर कुंडलनी जागृत करने का अभ्यास कराया। 11 बजे सभी स्वयंसेवक अपने-अपने कार्यक्रम अधिकारियों के साथ ग्राम सीकरी गये तथा वहां के ऐतिहासिक शिव मंदिर का भ्रमण किया तत्पश्चात् चारों इकाई अपने-अपने कार्यक्रम अधिकारियों साथ विभक्त हो गई तथा सीकरी ग्राम की विभिन्न दलित मौहल्लों में सामाजिक कुरीतियों और विभिन्न विकास से संबंधित बातों के ज्ञान के प्रसार के लिये निकल गयी। यहां सभी एन०एस०एस० प्रभारी ने सभी इकाईयों के स्वयंसेवकों को एक-एक प्रश्नावली दी तथा बताया कि इस प्रश्नावली के माध्यम से ही उनके कार्य का आकलन किया जायेगा। दोपहर 2 बजे तक सभी स्वयंसेवक अपने शिविर स्थल पर लौट आये तथा उन्होंने भोजन किया। इसके पश्चात् भगवान बुद्ध रक्त कोष के माध्यम से स्वयंसेवकों ने रक्त दान किया। आज सभी स्वयंसेवक अपने-अपने व्यक्तिगत साधनों से उस क्षेत्र के गरीब विद्यार्थियों के लिये कुछ पाठ्य सामग्री लाये थे जो कि उन्होंने संस्कार एकेडमी के संचालक महोदय को सौंप दी। सांय 5 बजे सभी स्वयंसेवक अपनी-अपनी टोली के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारी की। सांय 6 बजे से लगभग स्वयंसेवकों ने रात्रि भोजन की तैयारी प्रारम्भ कर दी जिसमें आज के दिन महाविद्यालय की प्रथम

Principal
Multanimal Modi College
Modinagar

एवं द्वितीय इकाइयों ने भोजन बनाने का कार्यभार ग्रहण किया जिसमें उन्होंने अपने कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमर सिंह कश्यप तथा डॉ0 सीमाराज की मदद ली। भोजन का कार्य लगभग रात्रि ८ बजे समाप्त हो गया जिसके पश्चात् कैम्प फॉयर लगाया गया स्वयंसेवकों अन्ताक्षरी का आयोजन किया जिसमें लड़कियों की टोली विजयी रही। इसी समय श्री योगेन्द्र जी ने सामान्य ज्ञान के कुछ रोचक प्रश्न स्वयंसेवकों से पूछे। रात्रि दस बजे लड़कों के दल के साथ श्री मयंक मोहन रहे तथा लड़कियों के दल के साथ डॉ0 सीमाराज जी रही। कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमर सिंह कश्यप तथा डॉ0 योगेन्द्र अपने-अपने दल के कुछ लड़कों के साथ सुरक्षा शिविर में सोये।

शिविर के छठे दिन छात्रों ने प्रश्नावली के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर सर्वे किया तथा वहां की समस्याओं को निकटता से जाना तथा सभी स्वयंसेवकों ने अपने कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 मयंक मोहन के साथ अपने द्वारा किये गये कार्यों का अवलोकन किया तथा साथ ही ग्रामीणों की सहायता से वृक्षारोपण का भी कार्य किया। दोपहर ११ बजे नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दहेज विरोधी एवं नशाखोरी से सम्बंधित समस्याओं की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित किया गया। ग्राम प्रधान श्री रमेश जी द्वारा वहां के स्थानीय निवासियों की समस्याओं का निराकरण करने का आश्वासन दिया गया। आज शिविर स्थल पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन भी हुआ जिसमें स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बौद्धिक कार्यक्रम की गोष्ठी का आज का विषय कर्जमाफी उचित है अथवा अनुचित था। जिसमें स्थानीय ग्रामीणों ने अपने-अपने विचार रखे। सायं ४ बजे बौद्धिक कार्यक्रम के पश्चात् सभी स्वयंसेवकों ने मिलकर शिविर स्थल तथा उसके आस-पास के क्षेत्रों की साफ-सफाई की। सायं ५ बजे सभी स्वयंसेवक अपनी-अपनी टोली के साथ विभिन्न प्रकार की क्रियाओं में व्यस्त हो गये। सायं ६ बजे के लगभग स्वयंसेवकों ने रात्रि भोजन की तैयारी प्रारम्भ कर दी जिसमें आज के दिन महाविद्यालय की तृतीय एवं चतुर्थ इकाइयों ने भोजन बनाने का कार्यभार ग्रहण किया जिसमें उन्होंने अपने कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 मयंक मोहन तथा श्री योगेन्द्र की मदद ली। भोजन का कार्य लगभग रात्रि ८ बजे समाप्त हो गया जिसके पश्चात् कैम्प फॉयर लगाया गया जिसमें सभी स्वयंसेवकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कुछ समय के लिये अपने चारों कार्यक्रम अधिकारियों के साथ सभी इकाईयों के स्वयंसेवकों ने अगले दिन समापन शिविर के विषय में परिचर्चा की। रात्रि दस बजे लड़कों के दल के साथ श्री मयंक मोहन रहे तथा लड़कियों के दल के साथ डॉ0 सीमाराज जी रही। कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमर सिंह कश्यप तथा डॉ0 योगेन्द्र अपने-अपने दल के कुछ लड़कों के साथ सुरक्षा शिविर में सोये।

Principal
Mahamaya M...

शिविर के अन्तिम तथा सातवें दिन सभी स्वयंसेवक प्रातः 5 बजे उठे तथा उन्होंने 6 बजे तक व्यायाम एवं योगा किया। नाश्ते के पश्चात् प्रातः 9 बजे सभी छात्र –छात्राओं ने ग्रामवासियों के सहयोग के लिये उन्हें धन्यवाद देने हेतु ग्राम का भ्रमण किया तथा ग्रामीण क्षेत्र के विशिष्ट नागरिकों से आग्रह किया कि वे दोपहर 2 बजे शिविर के समापन समारोह में आकर उसकी शोभा बढ़ायें। 11 बजे चारों इकाईयों के स्वयंसेवक कृष्णाकुंज में लगे शिविर में उपस्थित हो गये क्योंकि महाविद्यालय की चारों इकाईयों का समापन एक साथ होना सुनिश्चित हुआ था। यहां जो स्वयंसेवक सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग ले रहे थे वे अपनी रिहर्सल में लग गये बाकी ने दोपहर के भोजन की तैयारी की। 1.30 बजे तक सभी स्वयंसेवकों ने भोजन कर लिया। दोपहर 2 बजे प्राचार्य महोदय तथा श्री अनिल गोयिला जी समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के अतिरिक्त शिविर के समापन समारोह में संस्कार भारती एकादमी के संस्थापक श्री प्रभात जी भी उपस्थित थे। अतिथियों के स्वागत के पश्चात् प्राचार्य समक्ष डॉ० मयंक मोहन, डॉ० सीमाराज, डॉ० गीतांजली, डॉ० अमर सिंह कश्यप तथा श्री योगेन्द्र सक्सेना जी ने अपने–अपने शिविर की सात दिवसीय आख्या प्रस्तुत की। तत्पश्चात् चारों इकाईयों के स्वयंसेवकों ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुती की इसमें नृत्य के अतिरिक्त नाटकों का भी प्रदर्शन हुआ। प्राचार्य महोदय ने पोस्टर प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका भी निभाई। चारों इकाईयों के 3–3 स्वयंसेवकों ने अपने अनुभवों को साझा किया। एक पुराने एन०एस०एस० के विद्यार्थी ने अपनी स्वयं की लिखी कविता से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। अन्त में प्राचार्य महोदय ने सभी का आभार व्यक्त किया इस अवसर पर पत्रकार बन्धुओं ने भी उपस्थित होकर स्वयंसेवकों का उत्साह बढ़ाया। एन०एस०एस० कार्यक्रम प्रभारी डॉ मयंक मोहन ने उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त किया तथा एक–दूसरे से विदाई ली। शिविर समापन के पश्चात् सभी कार्यक्रम अधिकारियों ने कुछ छात्रों के साथ मिलकर शिविर स्थल से एन०एस०एस० का सामान वापस महाविद्यालय पहुंचवाया।

Principal
Multanimal Modi College
Modinagar

सात दिवसीय विशेष शिविर में स्वयंसेवकों द्वारा किये गये कार्य

	कार्य	
1	जल संरक्षण की जानकारी देना।	198
2	परिवार नियोजन के लाभ बताना	28
3	बी०एल०ओ० की मदद से वोटर आई०डी०कार्ड बनवाये	49
4	सरकारी योजनाओं से अवगत कराना।	147
5	वृक्षारोपण करना	122
6	सामाजिक कुरीतियों का विरोध करना	03
7	युवतियों को सिलाई, एवं बुनाई सिखाना	12
8	समाज के प्रति शिक्षित युवा वर्ग के दायित्व के कर्तव्य के बारे में अवगत कराना।	19
9	आपदा के समय बचाव सम्बन्धी जानकारी देना।	23
10	मकान/घरो के अन्दर और बाहर एवं आस -पास में सफाई सम्बन्धी जानकारी देना	124
11	राष्ट्रीय एकता एवं मतदान पर रैलियों के माध्यम से जानकारी देना	02
12	रक्तदान किया	32

* * *

Principal
Multanimal Modi College
Modinagar

कार्यक्रम अधिकारी – योगेन्द्र प्रासाद सक्सैना दिनांक: 01.02.2020

मुलतानीमल मोदी महाविद्यालय,मोदीनगर

राष्ट्रीय सेवा योजना–2019–2020 (चतुर्थ इकाई)

सात दिवसीय रात–दिन के विशेष शिविर के प्रथम दिन की आख्या

हमारे महाविद्यालय में संचालित रा0से0यो0 की चतुर्थ इकाई सत्र 2018–19 के सात दिवसीय शिविर का शुभारम्भ दिनांक 01.02.2020 को प्रातः 9 बजे ग्राम कृष्णा कुंज पश्चिमी, मोदीनगर में कार्यक्रम अधिकारी योगेन्द्र प्रासाद सक्सैना के नेतृत्व में हुआ था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ0 आर0 सी0 लाल, डॉ0 ए0 शर्मा, डॉ0 वी0 शर्मा तथा विशिष्ट अतिथि डॉ0 मयंक मोहन, जी, थे। शिविर के उद्घाटन के समय श्री मन्जूश्री, तथा अन्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुजाता, डॉ. मनीषा बालियान, श्री सुरेन्द्र दैनिक समाचार पत्रों के सम्माननीय पत्रकार बन्धु तथा अन्य गणमाननीय व्यक्ति भी उपस्थित थे। प्रातः 10 बजे उद्घाटन कार्यक्रम के पश्चात् स्वयं सेवकों मतदाता जागरूकता रैली निकाली तथा पूर्णतः उचित तरीके से मतदान कराने की शपथ ली। तत्पश्चात् स्वयं सेवकों ने चयनित ग्राम का अवलोकन किया तथा ग्रामीणों और अपने मध्य एक अच्छा समन्वय स्थापित करते हुए ग्रामीण जीवन की समस्याओं को जाना तथा अपने स्तर पर उन समस्याओं के समाधान के लिये विचार मंथन भी किया। दोपहर भोजन के पश्चात् बौद्धिक कार्यक्रम में विशाल, मनीष, दीपिका तथा अन्य स्वयं सेवकों ने विभिन्न विषयों जैसे स्वच्छता, दहेज प्रथा गंगा सफाई सम्बन्धित कार्यों पर अपने व्याख्यान दिये । सांय 4 बजे बौद्धिक कार्यक्रम के पश्चात्सभी स्वयंसेवकों ने मिलकर अपने शिविर स्थल की साफ–सफाई की। सांय 5 बजे

Principal
Multanimal Modi College
Modinagar

सभी स्वयंसेवक अपनी–अपनी टोली के साथ आस–पास के क्षेत्रों में भ्रमण हेतु निकल गये। सायं 6 बजे के लगभग चारों इकाईयों के स्वयंसेवक कृष्णाकुंज स्थित शिविर स्थल पर एकत्रित हो गये जिसका मुख्य कारण यह था कि सुरक्षा की दृष्टि से चारों इकाईयों के कार्यक्रम अधिकारियों ने प्राचार्य महोदय को संज्ञान में लाते हुए यह निर्णय लिया था कि रात्रि के सभी कार्यक्रम महाविद्यालय की चारों इकाईयां समवेत रूप से एक ही स्थल पर एकत्रित होकर सम्पन्न करें तथा अगले दिन प्रातः योगाभ्यास के पश्चात्सभी इकाईया अपने–अपने कार्यक्षेत्र में लौट जायें। स्वयंसेवकों ने रात्रि भोजन की तैयारी प्रारम्भ कर दी जिसमें प्रथम दिन महाविद्यालय की प्रथम इकाई ने भोजन बनाने का कार्यभार ग्रहण किया जिसमें उन्होंनें अपने कार्यक्रम अधिकारी की मदद ली। भोजन का कार्य लगभग रात्रि 8 बजे समाप्त हो गया जिसके पश्चात् कैम्प फॉयर लगाया गया स्वयंसेवकों ने विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुती दी। रात्रि दस बजे लडकों के दल के साथ श्री योगेन्द्र जी रहे तथा लडकियों के दल के साथ डॉ0 सीमाराज जी रही। कार्यक्रम अधिकारी श्री योगेन्द्र तथा डॉ0 सुरेन्द्र जी अपने–अपने दल के कुछ लडकों के साथ सुरक्षा शिविर में सोये।

Principal
Mahanimal Modi College
Modinagar

Principal
Multanimal Modi College
Modinagar

कार्यक्रम अधिकारी – योगेन्द्र प्रासाद सक्सैना

दिनांक: 02.02.2020

मुलतानीमल मोदी महाविद्यालय,मोदीनगर

राष्ट्रीय सेवा योजना–2019–2020 (चतुर्थ इकाई)

सात दिवसीय रात–दिन के विशेष शिविर के द्वितीय दिन की आख्या

शिविर के दूसरे दिन सभी स्वयंसेवक अपने कार्यक्रम अधिकारी योगेन्द्र प्रासाद सक्सैना के नेतृत्व में योगा अभ्यास किये तथा लक्ष्य गीत गाकर दिन का शुभारंभ किया । स्वंयसेवक विभिन्न टोलियों में बटकर सर्वेक्षण के लिए दलित बस्ती में भ्रमण किया तथा स्वंयसेविकायें डॉ. मनीषा बालियान के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्रों मे सामाजिक कुरितियों की ओर ग्रामीणों का ध्यान का ध्यान आकर्षित करते हुए नुक्कड नाटक किये। बौद्धिक कार्यक्रम के अन्तर्गत आज की अतिथी श्रीकान्त गौतम जी जो कि हमारे महाविद्यालय के सहायक अध्यापक हैं । उन्होंने मानव जीवन में पशु पक्षियों के महत्व पर प्रकाश डाला । सांय 4 बजे बौद्धिक कार्यक्रम के पश्चात् सभी स्वयंसेवकों ने मिलकर शिविर स्थल की साफ–सफाई की। सांय 5 बजे स्वयंसेवक अपनी–अपनी टोली के साथ आस–पास के क्षेत्रों में भ्रमण हेतु निकल गये। कुछ स्वयंसेवकों ने वहीं क्रिकेट खेलकर अपना मनोरंजन किया इस खेल में उनके साथ स्थानीय बच्चे भी लग गये जिसके कारण स्थानीय निवासियों के साथ हमारे शिविर के साथ पारिवारिक माहौल बन गया। सायं 6 बजे के लगभग चारों इकाईयों के स्वयंसेवक पुनः कृष्णाकुंज स्थित शिविर स्थल पर एकत्रित हो गये। स्वयंसेवकों ने रात्रि भोजन की तैयारी प्रारम्भ कर दी जिसमें आज के दिन महाविद्यालय की द्वितीय इकाई ने भोजन बनाने का कार्यभार ग्रहण किया

Principal
Multanmal Modi College
Modinagar

जिसमें उन्होंने अपनी कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनीषा बालियान की मदद ली। भोजन का कार्य लगभग रात्रि 8 बजे समाप्त हो गया जिसके पश्चात्कैम्प फॉयर लगाया गया स्वयंसेवकों ने विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुती दी साथ ही स्थानीय लोगों ने रागनी प्रस्तुत की जिससे कैम्प का वातावरण संगीतमय हो गया। रात्रि दस बजे लडकों के दल के साथ डॉ0 मयंक मोहन रहे तथा लडकियों के दल के साथ डॉ0 सुजाता जी रही। कार्यक्रम अधिकारी श्री योगेन्द्र तथा डॉ0 सुरेन्द्र अपने–अपने दल के कुछ लडकों के साथ सुरक्षा शिविर में सोयें ।

Principal
Multanimal Modi College
Modinagar

3

Principal
Multanimal Modi College
Modinagar

कार्यक्रम अधिकारी – योगेन्द्र प्रासाद सक्सैना

दिनांक: 03.02.2020

मुलतानीमल मोदी महाविद्यालय,मोदीनगर

राष्ट्रीय सेवा योजना–2019–2020 (चतुर्थ इकाई)

सात दिवसीय रात–दिन के विशेष शिविर के तृतीय दिन की आख्या

शिविर के तीसरे दिन छात्र स्वयं सेवकों ने कार्यक्रम अधिकारी योगेन्द्र प्रासाद सक्सैना के नेतृत्व में व्यायाम के पश्चात महाविद्यालय पहुचें जहा पर, खून तथा दातों की जॉच के विशेष शिविर का आयोजन किया गया था । इसी दौरान विद्यालय परिसर तथा परिसर के बाहर सफाई अभियान चलाया गया । कुछ स्वयंसेवक तथा सेविकाओं ने हाथ से बने बैनरों के माध्यम से सामाजिक विकास एवं उत्थान के लिये आर्कशक नारे लिखे तथा नुकक्ड नाटक के माध्यम से नशा, दहेज, अषिक्षा, अंधविष्वास इत्यादि सामाजिक बुराईयों की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित किया । छात्राओं के नेतृत्व में ग्रामीण महिलाओं एवं बच्चों को घर–घर जाकर साक्षरता एवं साफ–सफाई का महत्व बतलाया। एक बजे सभी स्वयंसेवक अपने शिविर पुन वापस आकर भोजन ग्रहण किया । बौद्धिक कार्यक्रम की गोष्ठी का आज का विषय वर्तमान शिक्षा प्रणाली की दशा एवं दिशा था। जिसमें हमारे अतिथी श्री अनित कुमार भारोतोलक चैंपियन ने अपने स्वास्थ को कैसे ठीक रखे पर अपने विचार दियें । अनित जी को कार्यक्रम अधिकारी योगेन्द्र प्रासाद सक्सैना जी द्वारा एक पौध सहित गमला देकर सम्मानित किया गया । सांय 4 बजे बौद्धिक कार्यक्रम के पश्चात् सभी स्वयंसेवकों ने मिलकर शिविर स्थल की साफ–सफाई की। सांय 5 बजे स्वयंसेवक अपनी–अपनी टोली के साथ आस–पास के क्षेत्रों में भ्रमण हेतु निकल गये। सायं 6 बजे के लगभग चारों इकाईयों के स्वयंसेवक पुनः कृष्णाकुंज स्थित शिविर स्थल पर एकत्रित हो गये। स्वयंसेवकों ने रात्रि भोजन की तैयारी प्रारम्भ कर दी जिसमें आज के दिन महाविद्यालय की तृतीय इकाई ने भोजन बनाने का कार्यभार ग्रहण किया जिसमें उन्होंने अपनी कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 गीताजंली जी की मदद ली। भोजन का कार्य लगभग रात्रि 8 बजे समाप्त हो गया जिसके पश्चात्कैम्प फॉयर लगाया गया स्वयंसेवकों ने विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुती दी

Principal
Mulchand Modi College
Modinagar

07

साथ ही स्थानीय लोगों ने रागनी प्रस्तुत की जिससे कैम्प का वातावरण संगीतमय हो गया। रात्रि दस बजे लडकों के दल के साथ डॉ0 मयंक मोहन रहे तथा लडकियों के दल के साथ डॉ0 गीताजंली जी रही। कार्यक्रम अधिकारी श्री योगेन्द तथा डॉ0 अमर सिंह कष्यप अपने–अपने दल के कुछ लडकों के साथ सुरक्षा शिविर में सोये।

Principal

Principal
Multanimal Modi College
Modinagar

कार्यक्रम अधिकारी – योगेन्द्र प्रासाद सक्सैना दिनांक: 04.02.2020

मुलतानीमल मोदी महाविद्यालय,मोदीनगर

राष्ट्रीय सेवा योजना–2019–2020 (चतुर्थ इकाई)

सात दिवसीय रात–दिन के विशेष शिविर के चतुर्थ दिन की आख्या

शिविर के चौथे दिन छात्र –छात्राओं ने कार्यक्रम अधिकारी योगेन्द्र प्रासाद सक्सैना एवं डॉ0 सुरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में वृक्षारोपण किया तथा कृषि कार्यों से सम्बन्धित तकनीकी ज्ञान की जानकारी ग्रामीणों को दी। इस वर्श इस क्षेत्र में फसलों में कीडा लगने की समस्या अधिक देखने को मिली जिसे देखकर हमारे स्वयंसेवकों ने कृशि विभाग के अधिकारियों से सम्पर्क करके उन्हें अपने शिदिरमें आंमत्रित किया तथा ग्रामीणों की विभिन्न कृशि से संबधित समस्याओं के निराकरण का प्रयास किया। इसके अतिरिक्त छात्राओं ने ग्रामीण महिलाओं एवं बच्चों की उन समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया जो कि अषिक्षा, अज्ञानता एवं रुढियादिता के कारण उनके बीच में उत्पन्न हो रही थी। समाज सेवी संस्था की कार्यकर्ता श्रीमति नीलिमा जी ने छात्राओं के उक्त कार्य की प्रंषसा की तथा स्वयं काफी समय तक उन छात्राओं के साथ ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण किया। उनके इन प्रयासों का ग्रामीणों द्वारा खुले हृदय से स्वागत किया गया। सांय 2 बजे बौद्धिक कार्यक्रम के अन्तर्गत आज का विशय था सहज योग आज का महायोग जिसमें आज के हमारे अतिथि श्री लोकेष जी तथा श्रीमति नीतू थे। आज इस बौद्धिक कार्यक्रम सत्र को चारों इकाईयों ने

Principal
Multanimal Modi College
Modinagar

समवेत रूप में एक ही स्थान पर एकत्रित होकर प्रारम्भ किया। वैशाली निगम जी ने समाज सेवा के बारे में बच्चों को जानकारी देते हुए बताया कि हम समाज से कैसे जुड़ सकते है तथा उनके लिए क्या क्या कार्य कर सकते हैं । वैशाली निगम जी को कार्यक्रम अधिकारी योगेन्द्र प्रासाद सक्सैना जी द्वारा एक पौध सहित गमला देकर सम्मानित किया गया । आज का बौद्धिक कार्यक्रम समवेत रूप से कृष्णाकुंज शिविरस्थल पर ही बनाया गया था इसलिये आज सांय चार बजे कोई भी स्वयंसेवक भ्रमण के लिये नहीं गया तथा सभी ने अपनी–अपनी टोली बनाकर विभिन्न खेल खेले जिसमें छात्राओं द्वारा खो–खो तथा छात्रों द्वारा कबडडी तथा दौड का खेल उल्लेखनीय रहे। सांय 6 बजे स्वयंसेवकों ने रात्रि भोजन की तैयारी प्रारम्भ कर दी जिसमें आज के दिन महाविद्यालय की चतुर्थ इकाई ने भोजन बनाने का कार्यभार ग्रहण किया जिसमें उन्होंनें अपने कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 योगेन्द्र जी की मदद ली। भोजन का का कार्य लगभग रात्रि 8 बजे समाप्त हो गया जिसके पश्चात कैम्प फॉयर लगाया गया स्वयंसेवकों विभिन्न विशयों में लघु नाटिकाओं का प्रर्दषन किया। रात्रि दस बजे लडकों के दल के साथ श्री मयंक मोहन रहे तथा लडकियों के दल के साथ डॉ0 सीमाराज जी रही। कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 सुरेन्द्र तथा डॉ0 योगेन्द्र अपने–अपने दल के कुछ लडकों के साथ सुरक्षा शिविर में सोये।

Principal
Multanimal Modi College
Modinagar

Principal
Mahanimal Modi College
Modinagar

कार्यक्रम अधिकारी – योगेन्द्र प्रासाद सक्सैना दिनांक: 05.02.2020

मुलतानीमल मोदी महाविद्यालय,मोदीनगर

राष्ट्रीय सेवा योजना-2019–2020 (चतुर्थ इकाई)

सात दिवसीय रात–दिन के विशेष शिविर के पंचम दिवस की आख्या

शिविर के पांचवे दिन प्रातः 5 बजे सभी स्वयंसेवक जाग गये तथा छात्रों ने डॉ0 मयंक मोहन एवं डॉ0 अमर सिंह कश्यप के साथ व्यायाम किया तथा छात्राओं ने डॉ0 सीमाराज एवं श्री योगेन्द्र जी के साथ योगाभ्यास किया। नाश्ते के पश्चात्9 बजे सहजयोग के लिये श्री लोकेष कुमार जी ने स्वयंसेवकों को प्रेरित किया तथा संगीत के सात स्वरों के आधार पर कुंडलनी जागृत करने का अभ्यास कराया। 11 बजे सभी स्वयंसेवक अपने–अपने कार्यक्रम अधिकारियों के साथ ग्राम सीकरी गये तथा वहां के ऐतिहासिक षिव मंदिर का भ्रमण किया तत्पष्चात् चारों इकाई अपने–अपने कार्यक्रम अधिकारियों साथ विभक्त हो गई तथा सीकरी ग्राम की विभिन्न दलित मोहल्लों में सामाजिक कुरितियों और विभिन्न विकास से संबधित बातों के ज्ञान के प्रसार के लिये निकल गयी। यहां सभी एन0एस0एस0 प्रभारी ने सभी इकाईयों के स्वयंसेवकों को एक–एक प्रश्नावली दी तथा बताया कि इस प्रश्नावली के माध्यम से ही उनके कार्य का आकलन किया जायेगा। दोपहर 2 बजे तक सभी स्वयंसेवक अपने शिविर स्थल पर लौट आये तथा उन्होंने भोजन किया। इसके पश्चात्भगवान बुद्ध रक्त कोश के माध्यम से स्वयंसेवकों ने रक्त दान किया। आज सभी स्वयंसेवक

Principal
Multanimal Modi College
Modinagar

अपने–अपने व्यक्तिगत साधनों से उस क्षेत्र के गरीब विद्यार्थियों के लिये कुछ पाठ्य सामग्री लाये थे जो कि उन्होंने संस्कार एकेडमी के संचालक महोदय को सौंप दी। सांय 5 बजे सभी स्वयंसेवक अपनी–अपनी टोली के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारी की। सायं 6 बजे के लगभग स्वयंसेवकों ने रात्रि भोजन की तैयारी प्रारम्भ कर दी जिसमें आज के दिन महाविद्यालय की प्रथम एवं द्वितीय इकाइयों ने भोजन बनाने का कार्यभार ग्रहण किया जिसमें उन्होंनें अपने कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 सुरेन्द्र सिंह तथा डॉ0 सीमाराज की मदद ली। भोजन का कार्य लगभग रात्रि 8 बजे समाप्त हो गया जिसके पश्चात्कैम्प फॉयर लगाया गया स्वयंसेवकों अंताक्षरी का प्रोग्राम किया जिसमें लडकियों की टोली विजयी रही। इसी मध्य श्री योगेन्द्र जी ने सामान्य ज्ञान के कुछ रोचक प्रश्न स्वयंसेवकों से पूछे। रात्रि दस बजे लडकों के दल के साथ श्री मयंक मोहन रहे तथा लडकियों के दल के साथ डॉ0 सीमाराज जी रही। कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 सुरेन्द्र सिंह तथा डॉ0 योगेन्द्र अपने–अपने दल के कुछ लडकों के साथ सुरक्षा शिविर में सोये।

Principal
Multanimal Modi College
Modinagar

(5)

Principal
Multanimal Modi College
Modinagar

मुलतानीमल मोदी महाविद्यालय,मोदीनगर

राष्ट्रीय सेवा योजना–2016–2017

सात दिवसीय रात–दिन के विशेष शिविर की आख्या

21.02.2017–27.02.2017

हमारे महाविद्यालय में सत्र 2016–17 में संचालित रा०से०यो० की सभी इकाईयों के सात दिवसीय शिविर का शुभारम्भ दिनांक 21.02.2017 को प्रातः 8 बजे ग्राम भूपेन्द्रपुरी में कार्यक्रम अधिकारी **डॉ० मयंक मोहन** के नेतृत्व में हुआ था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री आर०के०मी०लाल, डॉ० पी० के० शर्मा तथा **विशिष्ट अतिथि डॉ० मनीष, प्राध्यापक, राजकीय महाविद्यालय, पुवारकाठी, सहारनपुर थे।** शिविर के उद्घाटन के समय डॉ० पूनम, समाजसेवी शिक्षाविज्ञ, **दैनिक समाचार पत्रों के सम्माननीय पत्रकार बन्धु** तथा अन्य गणमाननीय व्यक्ति भी उपस्थित थे। प्रातः 10 बजे उद्घाटन कार्यक्रम के पश्चात् कार्यक्रम अधिकारी **डॉ० मयंक मोहन** ने सभी स्वयंसेवकों को 10–10 स्वयंसेवकों की टोली में बांट दिया तथा उनकी टोली का नामकरण करके उन्हें सात दिनों में होने वाले कार्यों से अवगत कराते हुए कार्य भार निर्धारित किये। तत्पश्चात् सभी स्वयंसेवकों ने ग्राम का सघन अवलोकन किया तथा विस्तृत रूप से सर्वेक्षण किया। स्वयं सेवकों ने ग्रामीणों और अपने मध्य एक अच्छा सामन्जस्य स्थापित करते हुए ग्रामीण जीवन की समस्याओं को जाना तथा अपने स्तर पर उन समस्याओं के समाधान के लिये विचार मंथन भी किया। दोपहर भोजन के पश्चात् बौद्धिक कार्यक्रम में श्री अनिरुद्ध जी ने स्वयं सेवकों को अपने विचारों से प्रेरित किया। बौद्धिक कार्यक्रम की आज की गोष्ठी का विषय **विमुद्रीकरण देश के हित में था अथवा अहित में** था। इस परिचर्चा में लाल बहादुर टोली ने पक्ष में प्रभावशाली तरीके से अपने विचार रखे। संध्या के समय पास के ही मैदान में स्वयंसेवकों ने फुटबाल खेली। रात्रि में भोजन के पश्चात् विद्यार्थियों ने कैम्प फायर का आयोजन किया जिसमें लड़कियों ने पंजाबी नृत्य किया तथा लड़कों ने भजन सुनाये। इसके अतिरिक्त सभी ने अपने दिन भर के अनुभवों को एक–दूसरे के साथ बांटा तथा उन पर विचार विमर्श किया। रात्रि 11.00 बजे सभी स्वयंसेवक सोने के लिये अपने–अपने कक्षों में चले गये।

शिविर के दूसरे दिन प्रातः 5.00 बजे सभी स्वयंसेवक जाग गये तथा 5.30 बजे तक नित्य कर्मों से निवृत होकर योग के लिये तैयार हो गये। 8.00 बजे नाश्ते के पश्चात् सभी स्वयंसेवक कार्यक्रम अधिकारी **डॉ० मयंक मोहन** के साथ पास में ही स्थित ऐतिहासिक सिकरी मन्दिर के भी दर्शन के लिये गये जहां स्वयंसेवकों को एक अलग प्रकार की आध्यात्मिक अनुभूति हुई उस मन्दिर के अंदर एक कुआ ऐसा भी था जो हमारे क्रांतिकारियों के बलिदान की याद दिलाता था। छात्रों ने कार्यक्रम अधिकारी **डॉ० मयंक मोहन** के नेतृत्व में ग्राम के नवीन क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाया तथा कई क्षेत्रों की साफ–सफाई करते हुए ग्रामीणों को स्वच्छता के लाभों से अवगत कराया तथा छात्राओं ने प्रभातफेरी के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर जागरूकता कार्य किया। इन सभी कार्यों के

Principal
Multanimal Modi College
Modinagar

भी तैयार किये गये जिनका प्रदर्शन गांवों की चौपाल पर कला दल द्वारा किया गया जिससे कि ग्रामीण समाज की पुरातन विचारधारा में कुछ परिवर्तन करके उनमें सुधार का प्रयास किया सके।

शिविर के चौथे दिन छात्र –छात्राओं ने प्रातः योग किया, आज मोहित तथा ज्योति ने सभी स्वयंसेवकों को योगा कराया। आज महाशिवरात्री के कारण स्वयंसेवकों का उपवास था तथा सभी ने निर्णय लिया कि दोपहर सभी लोग फलाहार करेंगे। इसके पश्चात् स्वयंसेवकों द्वारा विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में वृक्षारोपण किया तथा कृषि कार्यों से सम्बन्धित तकनीकी ज्ञान की जानकारी ग्रामीणों को दी यहां यह विशेष बात देखने में आयी कि जो जानकारी स्वयंसेवक ग्रामीणों को दे रहे थे वे व्यावहारिक नहीं थी अपितु ग्रामीणों द्वारा जो जानकारी स्वयंसेवकों को दी गई उससे स्वयंसेवकों का ही ज्ञान बढ़ा जो कि निश्चित रूप से भविष्य में इनके काम आयेगा। इसके अतिरिक्त छात्राओं ने ग्रामीण महिलाओं एवं बच्चों की उन समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया जो कि अशिक्षा, अज्ञानता एवं रूढ़िवादिता के कारण उनके बीच में उत्पन्न हो रही थी। स्वयंसेवक जब ग्रामीण के बीच पहुंच कर उनसे बात करते थे तो अनेक ग्रामीणों ने उन्हें सरकारी अधिकारी समझ लिया तथा उनसे बचने का प्रयास किया उस स्थिति में हमारे स्वयंसेवकों ने उन्हें रा० से० यो० के विषय में बताया तथा उनका भ्रम दूर करते हुए उनकी मदद का प्रयास किया। उनके इन प्रयासों का ग्रामीणों द्वारा खुले हृदय से स्वागत किया गया। बौद्धिक कार्यक्रम की गोष्ठी में आज स्वच्छ भारत अभियान के अन्तर्गत श्री फारूक तथा श्री दुष्यन्त जी आये उन्होंने उक्त विषय पर एक प्रभावशाली व्याख्यान दिया तथा बताया कि हर घर में शौचालय की व्यवस्था के लिये सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा उन्होंने इसके साथ ही स्वयंसेवकों का आह्वान इस मिशन से जुड़ने के लिये किया। इस कार्यक्रम के आयोजन में मुख्य भूमिका छात्र संघ अध्यक्ष श्री योगेश तिवारी की रही। आज दोपहर के समय प्राचार्य महोदय ने शिविर का औचक निरीक्षण किया साथ में श्री हरीश कुमार भी थे। प्राचार्य महोदय ने स्वयंसेवकों का उत्साहवर्द्धन करते हुए पूरे शिविर का निरीक्षण किया तथा स्वयंसेवकों को सुझाव देते हुए उनके कार्य की प्रशंसा की। रात्रि में शिविरार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जिसके अन्तर्गत कव्वाली प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें भावना, शुभांगी, निखिल, मोहित, प्रशान्त नेहरा ने अच्छा प्रदर्शन किया।

शिविर के पांचवे दिन छात्र –छात्राओं सहज योग किया तथा जिस प्रकार श्री भूपेन्द्र जी ने सहज योग की विधि बतायी थी उसका अभ्यास किया। प्रातः ही काफी संख्या में ग्रामीण लोग योग शिविर में आ गये तथा उन्होंने स्वयंसेवकों के साथ योग की विभिन्न क्रियाओं के विषय में जानकारी प्राप्त की। उसके पश्चात् स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को सरकार द्वारा उनके लिये चलायी जा रही ग्राम विकास की योजनाओं को बतलाया तथा सामाजिक जागरूकता को प्रबल करने के लिये एक सामूहिक अभियान चलाया जिसमें नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दहेज, नशा, प्रदूषण तथा जुआ इत्यादि जैसी बुराईयों पर प्रहार किया गया। बौद्धिक कार्यक्रम की गोष्ठी का आज का विषय **कृषि बनाम औद्योगिक विकास–देश के विकास में क्या अधिक सहायक है** था जिसमें हमारे मुख्य वक्ता श्री दीपपाल जी थे।

Principal
Multanimal Modi College
Modinagar

स्वयंसेवकों ने अपनी-अपनी टोली की रिपोर्ट तैयार की तथा यह सुनिश्चित किया कि ये रिपोर्ट किसी सक्षम अधिकारी के समक्ष रखी जाये जिससे कि ग्रामीण क्षेत्र की समस्या का कुछ समाधान हो सके।

शिविर के अन्तिम तथा सातवें दिन छात्र-छात्राओं ने ग्रामवासियों के सहयोग के लिये उन्हें धन्यवाद देने हेतु ग्राम का भ्रमण किया इसके साथ ही उन्हें आश्वासन भी दिया कि उनकी समस्याओं को शासन के समक्ष रखकर कुछ न कुछ समाधान निकालने का अवश्य प्रयत्न किया जायेगा। 1 बजे शिविर में पहुँचकर स्वयंसेवकों ने भोजन तैयार किया। दोपहर लगभग 3 बजे प्राचार्य महोदय डॉ० आभा सी० लाल साहब, विशिष्ट अतिथि डॉ० भूपेन्द्र त्यागी उनके दो सहायक तथा ग्राम के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित उपस्थित हुए। जिसमें स्वयंसेवकों ने सरस्वती वन्दना एवं स्वागत गीत के पश्चात् रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुती की जिसमें दहेज प्रथा, एवं समाज में महिलाओं के साथ छेड़छाड़ से संबंधित समस्याओं को दर्शाते हुए आदित्य, रीतू, अमित इत्यादि ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किये। छात्राओं ने नृत्य कार्यक्रम प्रस्तुत किये। शिविर के छात्र-छात्राओं ने इस सात दिवसीय विशेष शिविर में अपने अनुभवों को बताया तथा स्वयंसेवक निखिल ने सभी स्वयंसेवकों के प्रयासों से क्रय की गये एक सन्दूक एवं 50 खाने की थाली महाविद्यालय के एन०एस०एस० इकाईयों को भेंट की। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ० मयंक मोहन ने सात दिवसीय विशेष शिविर की आख्या प्रस्तुत की तथा स्वयंसेवकों को इस बात की शपथ दिलायी कि यह शिविर केवल सात दिन का नहीं है अपितु उन्होंने जो यहां सीखा है उन आदर्शों को जीवनपर्यन्त निभाना है। अन्त में प्राचार्य महोदय ने रा०से०यो० के सात दिवसीय विशेष शिविर के समापन की विधिवत् घोषणा करते हुए कहा कि जो भी कुछ स्वयंसेवकों ने इस शिविर से सीखा है वह महाविद्यालय में जाकर और विद्यार्थियों को भी बतायें जिससे कि उनमें भी समाज के प्रति अपने कर्तव्य जागृत हो सकें। कार्यक्रम अधिकारी डॉ० मयंक मोहन ने सभी लोगों का आभार व्यक्त किया तथा एक-दूसरे से विदाई ली।

Principal
Multanimal Modi College
Modinagar

मुलतानीमल मोदी महाविद्यालय,मोदीनगर

राष्ट्रीय सेवा योजना–2017–2018

सात दिवसीय दिन–रात के विशेष शिविर के प्रथम दिन की आख्या

हमारे महाविद्यालय में सत्र 2017–18 में संचालित रा0से0यो0 की चारों इकाईयों के सात दिवसीय (दिन–रात) शिविर का शुभारम्भ दिनांक 05.01.2018 को प्रात: 9 बजे ग्राम भूपेन्द्रपुरी में कार्यक्रम अधिकारी **डॉ0 मयंक मोहन** जी के नेतृत्व में हुआ था। **इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ0 आर0सी0लाल, विशिष्ट अतिथि डॉ0 पी0 डी0 गर्ग थे।** शिविर के उद्घाटन के समय डॉ0 विवेकदीप, श्री वी0एन0मणिपाल, **दैनिक समाचार पत्रों के सम्माननीय पत्रकार बन्धु** तथा अन्य सम्माननीय व्यक्ति भी उपस्थित थे। प्रात: 10 बजे उद्घाटन कार्यक्रम के पश्चात् स्वयं सेवकों ने ग्राम का सघन अवलोकन किया तथा विस्तृत रूप से सर्वेक्षण किया। स्वयं सेवकों ने ग्रामीणों और अपने मध्य एक अच्छा समन्वय स्थापित करते हुए ग्रामीण जीवन की समस्याओं को जाना तथा अपने स्तर पर उन समस्याओं के समाधान के लिये विचार मंथन भी किया। दोपहर भोजन के पश्चात् **बौद्धिक कार्यक्रम** में श्री मनोज जी ने स्वयं सेवकों को गुरु गोविन्द सिंह जी की जयन्ति के अवसर पर उनके विचारों से प्रेरित किया। बौद्धिक कार्यक्रम की आज की गोष्ठी का विषय **"स्वतंत्रता हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है"** था। जिसमें स्वराज जैसे विषय को लेकर नई–नई परिभाषायें सामने आयी इसमें अधिकांश छात्रों एवं अतिथियों ने बहुत ही व्यवस्थित तरीके से अपनी बातों को रखा। सांय 4 बजे बौद्धिक कार्यक्रम के पश्चात् सभी स्वयंसेवकों ने मिलकर लाल बहादुर शास्त्री स्कूल जिसमें कि शिविर का आयोजन किया गया था उस स्थान की साफ–सफाई की। सांय 5 बजे सभी स्वयंसेवक अपनी–अपनी टोली के साथ आस–पास के क्षेत्रों में भ्रमण हेतु निकल गये। सांय 6 बजे के लगभग चारों इकाईयों के स्वयंसेवक कृष्णकुंज स्थित शिविर स्थान पर एकत्रित हो गये जिसका मुख्य कारण यह था कि सुरक्षा की दृष्टि से चारों इकाईयों के कार्यक्रम अधिकारियों ने प्राचार्य महोदय को संज्ञान में लाते हुए यह निर्णय लिया था कि रात्रि के सभी कार्यक्रम महाविद्यालय की चारों इकाईयां सम्मिलित रूप से एक ही स्थल पर एकत्रित होकर सम्पन्न करेंगी तथा अगले दिन प्रात: योगाभ्यास के पश्चात् सभी इकाईयां अपने–अपने कार्यक्षेत्र में लौट जायेंगी। स्वयंसेवकों ने रात्रि भोजन की तैयारी आरम्भ कर दी जिसमें प्रथम दिन महाविद्यालय की प्रथम इकाई ने भोजन बनाने का कार्यभार ग्रहण किया जिसमें उन्होंने अपने कार्यक्रम अधिकारी की मदद ली। भोजन का कार्य लगभग रात्रि 8 बजे समाप्त हो गया जिसके पश्चात् कैम्प फॉयर लगाया गया स्वयंसेवकों ने विभिन्न

Principal
Multanimal Modi College
Modinagar

डॉ० मयंक मोहन रहे तथा लड़कियों के दल के साथ डॉ० सीमराज जी रहीं। कार्यक्रम अधिकारी श्री योगेन्द्र तथा डॉ० अमर सिंह कश्यप अपने–अपने दल के कुछ लड़कों के साथ पुनः शिविर में रहे।

शिविर के तीसरे दिन छात्र स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम अधिकारी डॉ० मयंक मोहन के नेतृत्व में ग्राम की दीवारों पर हाथ से बने बैनरों के माध्यम से सामाजिक विकास एवं उत्थान के लिये आकर्षक नारे लिखे तथा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशा, दहेज, अशिक्षा, अंधविश्वास इत्यादि सामाजिक बुराईयों की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित किया। आज के दिन हमारे शिविर के 40 स्वयंसेवकों ने सरकारी अधिकारियों के माध्यम से पल्स पोलियो अभियान के अन्तर्गत बच्चों को दवाई पिलायी। इसके साथ ही आज सरकारी आदेशानुसार सभी बी०एल०ओ० की ड्यूटी ग्रामीण क्षेत्रों में लगायी गयी थी जिसमें उन्हें लोगों की वोटर आई डी बनाने की प्रक्रिया पूरी करनी थी हमारे स्वयंसेवकों ने बी०एल०ओ० की मदद हेतु घर–घर जाकर लोगों को बताया कि आज उनकी वोटर आई० डी० कार्ड बन रहा है। जिसकी वजह से अनेकों ग्रामीण अपने–अपने वोटर आई० डी० कार्ड बनवाने में सफल रहे। बौद्धिक कार्यक्रम की गोष्ठी का आज का विषय **शिक्षक एवं शिक्षार्थी** था। जिसमें हमारे अतिथि श्री अशोक त्यागी जी रहे। जिन्होंने ने अपने ओजस्वी विचारों से शिक्षक एवं शिक्षार्थी के परस्पर संबंधों को नये तरीके से परिभाषित करते हुए उन्हें एक–दूसरे का पूरक बताया। सांय 4 बजे बौद्धिक कार्यक्रम के पश्चात सभी स्वयंसेवकों ने मिलकर शिविर स्थल तथा उसके आस-पास के क्षेत्रों की साफ–सफाई की। सांय 5 बजे सभी स्वयंसेवक अपनी–अपनी टोली के साथ आस–पास के क्षेत्रों में भ्रमण हेतु निकल गये। सांय 6 बजे के लगभग चारों इकाईयों के स्वयंसेवक पुनः कृष्णाकुंज स्थित शिविर स्थल पर एकत्रित हो गये। स्वयंसेवकों ने रात्रि भोजन की तैयारी प्रारम्भ कर दी जिसमें आज के दिन महाविद्यालय की तृतीय इकाई ने भोजन बनाने का कार्यभार ग्रहण किया जिसमें उन्होंने अपने कार्यक्रम अधिकारी डॉ० मयंक मोहन की मदद ली आज भोजन के समय कुछ स्थानीय निवासी भी आ गये तथा उन्होंने भी स्वयंसेवकों के साथ ही भोजन किया उसके पश्चात् उन्होंने कहा कि वे अगले दिन पर्याप्त मात्रा में गुड़ और मट्ठा स्वयंसेवकों के लिये भिजवायेंगे। भोजन का का कार्य लगभग रात्रि 8 बजे समाप्त हो गया जिसके पश्चात् कैम्प फायर लगाया गया स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। रात्रि दस बजे लड़कों के दल के साथ श्री अमर सिंह जी रहे तथा लड़कियों के दल के साथ डॉ० सीमाराज जी रहीं। कार्यक्रम अधिकारी डॉ० मयंक मोहन तथा डॉ० योगेन्द्र अपने–अपने दल के कुछ लड़कों के साथ पुनः शिविर में रहे।

Principal
Mahamaya M...
Modi...

कार्यक्रम अधिकारियों की तत्परता, स्थानीय लोगों का सहयोग तथा स्वयंसेवकों की समझदारी से कोई भी अप्रिय घटना घटित नहीं हुई।

